● जयपुर, गुरुवार 14 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 87 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 नाबालिग से गैंगरेप एवं लूट के मामलों में फरार 25000 के इनामी को लोहरा...

पेज @4 उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई के सकारात्मक...

पेज @8 जयपुर कानोता रिंग रोड स्थित ग्राम बगराना में धड़ल्ले से हो रही हैं नवीन...

## बीमा के अंतर्गत; 2024-25 में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अब तक का सबसे अधिक बजट आवंटन

# सरकार जल्द ही मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी और नई फार्मा पॉलिसी लॉन्च करेगी: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## स्वास्थ्य क्षेत्र में अब तक 25,400 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव







## राजनिवेश पोर्टल पर अब तक स्वास्थ्य क्षेत्र में 57,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले

### स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की गई एक—एक पाई लोगों के दु:ख—दर्द दूर करेगी

**चमकता राजस्थान**

जयपुर! 14 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में गुरूवार को राइजिंग राजस्थान स्वास्थ्य प्री-समिट में स्वास्थ्य, चिकित्सा और आयुष क्षेत्र के निवेशकों के साथ 16,176 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये। समिट में हुए एमओयू के साथ ही 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में हस्ताक्षरित कुल निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 25,400 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। राजनिवेश पोर्टल पर अब तक 57 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।प्री–समिट में किए गये एमओयू में चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए 14,000 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू हुए, जबकि आयुष क्षेत्र में 2,157 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। राजनिवेश पोर्टल पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में अब तक प्राप्त 57,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर आने से राज्य में 6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। एमओयू के जरिए निवेशकों ने जयपुर, अजमेर, जोधपुर, राजसमंद, सीकर, सिरोही सहित विभिन्न जिलों में फार्मा इकाइयां, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, होम्योपैथी और आयुर्वेद कॉलेज, आयुष अनुसंधान पंचकर्म केंद्र, उन्नत आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।

इस अवसर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित कर हमारी सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि हम न केवल एमओयू पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, बल्कि अगले 3-4 वर्षों में उन्हें धरातल पर भी उतारने जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के छोटे और बड़े सभी निवेशकों को स्वागत है, क्योंकि वे सभी जमीनी स्तर पर आम नागरिक की सेवा करेंगे और स्वस्थ एवं समृद्ध प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।आयुष क्षेत्र में हुए 2,157 करोड़ रुपये के एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि हमने आयुष क्षेत्र में बड़ी संख्या में एमओयू किए हैं। आयुष न केवल भारत की विरासत और पहचान है, बल्कि यह दुनिया के सामने भारतीय संस्कृति और सदियों पुराने ज्ञान को भी प्रदर्शित करता है। दुनियाभर के लोग आयुष की ओर आकर्षित हो रहे हैं और आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है। राज्य की 88% आबादी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है, जो देश में सबसे अधिक है। राज्य के 2024-25 के बजट में भी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे अधिक 28,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जो राज्य के कुल बजट का 8.26% से अधिक है। प्रदेश में मेडिकल वेल्यू ट्रेवल के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं है। इसे देखते हुए राज्य सरकार जल्द ही मेडिकल वेल्यू ट्रैवल पॉलिसी एवं फार्मा सेक्टर के विकास के लिए नई फार्मा पॉलिसी लाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा स्वास्थ्य का क्षेत्र सीधा जनसेवा से जुड़ा हुआ है। इसमें निवेश की गई एक–एक पाई लोगों के दुःख–दर्द दूर करने का काम करेगी और उनके चेहरों पर मुस्कान लाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान देने वाला व्यक्ति मानवता की सेवा कर रहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाना माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा पिछले 11 महीनों में शुरू की गई नीतियों के प्रभावों को दर्शाता है। ये नये निवेश न केवल राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए नए स्वास्थ्य सेवा संस्थान, मेडिकल कॉलेज और वेलनेस सेंटर लाएंगे, बल्कि युवाओं के लिए लाखों रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर ने कहा कि राजस्थान अपनी भौगोलिक स्थिति, आकर्षक नीतियों और कुशल मानव संसाधन के कारण स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में निवेश का एक प्रमुख डेस्टीनेशन बन गया है। प्रसव से लेकर पैलिएटिव देखभाल तक, जीवन के सभी चरणों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम को भारत सरकार के आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, राजस्थान सरकार के आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, इंडो यूरोपियन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रोजेक्ट्स के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विवेक गुप्ता, आंध्र प्रदेश मेडटेक ज़ोन लिमिटेड के एमडी और संस्थापक सीईओ डॉ. जितेंद्र शर्मा, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र के कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल (प्रोफेसर) अतुल कोतवाल शामिल थे।कार्यक्रम के अंत में राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि बड़ी संख्या में एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ स्वास्थ्य प्री-समिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विभाग अब इन निवेश प्रस्तावों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की दिशा में काम करेगा।

### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 एक नज़र में:

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट– 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है।प्रदेश में निवेश हेतु राज्य सरकार ने अब तक विभिन्न कंपनियों के साथ 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं और इसके तहत मुंबई, दिल्ली, दक्षिण कोरिया, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सिंगापुर, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और सऊदी अरब में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर रोड शो, विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्री-समिट्स और जिला-स्तरीय समिट्स आयोजित किए जा चुके हैं।इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन जैसे क्षेत्रों पर थीम-आधारित सत्र का आयोजन होगा, वहीं विभिन्न देशों के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# बुलडोजर जस्टिस' पर रोक नहीं..

## इन 7 नियमों के पालन के बाद हो सकता है एक्शन



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 'बुलडोजर जस्टिस' 'के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए रोक लगा दी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन द्वारा आरोपियों/दोषियों के घरों को जमींदोज करने पर सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते, अगर इस तरह से बुलडोजर चलाया तो भरपाई अफसर ही करेगा।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि किन स्थितियों में बुलडोजर कार्रवाई मान्य होगी। यानी कोर्ट के फैसले के बाद बुलडोजर पर पूरी तरह से ब्रेक नहीं लगा है, कई परिस्थितियों में अभी भी बुलडोजर कार्रवाई की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अधिकारियों को यह भी बताया जाना चाहिए कि अगर बुलडोजर एक्शन में कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन पाया जाएगा, तो संबंधित अधिकारियों को नुकसान के भुगतान के अलावा ध्वस्त की गई संपत्ति की प्रतिपूर्ति के लिए अपने व्यक्तिगत खर्च पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अदालत ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रातों-रात सड×कों पर घसीटते हुए देखना सुखद दृशय नहीं है। अगर अधिकारी कुछ वक्त के लिए अपना हाथ थामे रहें, तो उन पर कोई आफत नहीं टूटेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने बुलडोजर कार्रवाई पर फैसला सुनाते हुए कई दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब प्रशासन को किसी जगह पर बुलडोजर कार्रवाई करने से पहले इन निर्देशों के तहत सुनिश्चित करना होगा कि संरचना पर कार्रवाई की जा सकती है या नहीं।

1- सिर्फ आरोपी या दोषी होने पर घर नहीं गिराया जा सकता।

2- मामला सुलझने के काबिल है या नहीं।

3- बुलडोजर एक्शन से पहले नोटिस।

4- व्यक्तिगत सुनवाई का वक्त।

5- प्रशासन को ये बताना होगा कि बुलडोजर एक्शन क्यों जरूरी है।

6- संरचना गिराने की प्रक्रिया बतानी होगी।

7- गाइडलाइन तोडने पर अफसर के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# फर्जी आईडी से बैंक खाते खुलवाने के मामले में ईडी की एंट्री

## महाराष्ट्र व गुजरात में 23 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कथित वोट जिहाद मामले के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में 24 स्थानों पर छापेमारी की है। यह मामला मुख्य रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली चढ्ढष्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर बैंक खाते खोलने से जुड़ा हुआ है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध तरीके से बड़ी संख्या में बैंक खाते खोलने के मामले में की जा रही है।

ईडी की जांच में पाया गया है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली चढ्ढष्ट के जरिए कई बैंक खातों को खोला गया। यह आरोप लगाया जा रहा है कि इन खातों का उपयोग वोट जिहाद के उद्देश्य से किया गया जिससे चुनावों में धोखाधड़ी की कोशिश की जा रही थी। ऐसे मामलों में बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था।

ईडी के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी महाराष्ट्र और गुजरात के कई प्रमुख स्थानों पर चल रही है। अहमदाबाद में 13 स्थानों पर, सूरत में 3 जगहों पर, मालेगाव में 2 जगहों पर, नासिक में एक स्थान पर और मुंबई में 5 स्थानों पर एक साथ छापे मारे जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान विभिन्न दस्तावेज और सबूत इक्के किए गए हैं जो जांच की दिशा में अहम हो सकते हैं।

# मूडीज ने भी माना अमेरिकन कंपनियों की पहली पसंद बनेगा भारत


अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की एतिहासिक जीत जहां दुनिया के कई देशों के लिए संकट बनकर उभरी है, वहीं भारत के लिए ट्रंप का सत्ता में आना हर तरह से लाभदायक रहने जा रहा है। वैसे, इस वक्त भारत की अर्थव्यवस्था का वर्तमान मूल्य 3.5 ट्रिलियन डॉलर है और वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी जीडीपी बना हुआ है। देश में पिछले दशक की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। आगे भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन उसे विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अभी अनेक कार्य सफलता के साथ करने हैं। जिसमें एक बड़ा फैक्टर अंतरराष्ट्रीय राजनीति एवं अर्थव्यवस्था का है। भारत को सभी ओर से पूरी तरह यदि यह साथ मिलता है, तो हो सकता है कि वह दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था अपने तय समय 2030 से पहले ही बन जाए। इस नजरिए से अमेरिकन राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत भारत की सफलता में नया इतिहास लिखती दिख रही है।

दरअसल, पहले आर्थकि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत फिलहाल दुनिया की सबसे तेज विकास दर से आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब अर्थव्यवस्था की मुख्य रेटिंग देने वाली एजेंसी मूडीज ने भी मान लिया है कि अमेरिका की सत्ता में हुए बदलाव का लाभ विश्व के कई देशों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को होने जा रहा है। मूडीज के अनुसार ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका की वैश्विक नीतियों में जो बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे उनमें राजकोषीय, व्यापार, जलवायु और प्रवासी मुद्दे शामिल हैं। मूडीज की रेटिंग्स के विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि भारत को मुख्य फायदा अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के कारण होने जा रहा है, क्योंकि एशियाई क्षेत्र में काम करने के लिए चीन में बैठी कई अमेरिकी कंपनियां भारत में भी चाइना प्लस वन नीति के तहत बड़ा निवेश कर सकती हैं। ट्रंप का चीन के विषय पर व्यापक टैरिफ भी भारत की अर्थव्यवस्था को एक बड़ी गति देने का काम करेगा, क्योंकि ट्रंप चीनी आयात पर भारी टैक्स लगाने के संकेत दे चुके हैं। इसके साथ ही एशिया–प्रशांत रणनीतिक क्षेत्र में अमेरिकी दखल बढ़ने से चीन की मुश्किलें बढ़ सकती है। यह बदलाव संभवतः चीन की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और क्षेत्रीय विकास को प्रभावित करेगा। इसके विपरीत, भारत और आसियान जैसे देशों को इस बदलते परिदृश्य में नए अवसर मिल सकते हैं।

एजेंसी मूडीज का कहना है कि इस बदलाव के परिणामस्वरूप संभवतः जीवाश्म ईंधन उद्योग के लिए नए सिरे से समर्थन मिलेगा, पर्यावरण संबंधी नियमों में ढील आना स्वभाविक है, जिसका सीधा फायदा भारत को मिलेगा। इससे पहले मार्केट रिसर्च फर्म नोमुरा और ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में भी इस बात का साफ उल्लेख है कि ट्रंप के चुनाव जीतने से भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात के नए रास्ते खुलेंगे। इसी तरह से जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कैसे चीन के मेटल्स पर टैक्स बढ़ाने से भारत के मेटल एक्सपोर्टर को फायदे हो सकते हैं। इसके साथ ही चीन पर डोनाल्ड ट्रंप के रुख से भारतीय केमिकल एक्सपोर्ट के लिए अमेरिकी बाजार के और खुलने की उम्मीद है। कपड़ा और टाइल्स खासतौर से मोरबी सिरेमिक उद्योग की मांग बढ़ सकती है, चीनी सामानों पर मोटा टैरिफ लगाने का मतलब है अमेरिकी लोगों के सामने भारत से इन चीजों को खरीदना, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलना तय है।


यह भी माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत से भारतीय मिडकैप आईटी फर्मों के लिए मौके पैदा होना तय है। ट्रंप की जीत के साथ ब्रोकरेज हाउस के रिसर्च नोट भी सामने आने लगे हैं। सभी को याद होगा कि पिछली बार ट्रंप के ही कार्यकाल में परस्पर हथियारों की बिक्री के साथ टेक्नोलॉजी हस्तांतरण, भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में बड़े लक्ष्य प्राप्त किए गए थे, इस दिशा में फिर मजबूत कदम होंगे, यह उम्मीद की जा रही है। वहीं, आप यह भी मानकर चलिए कि साउथ एशिया में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण से बहुत बदलाव देखने को मिलेंगे, जिसमें कि वर्तमान अमेरिका आतंकवाद और उग्रवाद पर कड़ा रुख अपनाता दिखाई देगा। इसके अलावा भारत को देखने का डोनाल्ड ट्रंप का एक नजरिया यह भी है, जो हमने पूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति रहते उनका देखा था। उसके बाद भी वे खुलकर भारत के समर्थन में बोलते रहे हैं। जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने या पुलवामा आतंकी हमले के बाद ट्रंप ने 'राइट टू सेल्फ डिफेंस' वाली बात कही थी जो सीधे तौर पर भारत का पक्ष लेना था, यानी भारत के संदर्भ में तत्कालीन भारत सरकार का जो निर्णय रहा, उसके साथ ट्रंप खड़े दिखाई दिए थे। उम्मीद करें कि इस बार के अमेरिकन राष्ट्रपति शासनकाल में भी वह भारत की नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़े दिखाई देंगे।

# गुरुनानक देव समाजक्रांति और धर्मक्रांति के पुरोधा



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब–राजा, ऊंच–नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार–प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख–समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर–धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।



गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म–सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु – सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है– रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ–साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु–संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था।

नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुई जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था– खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है– नानक ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे 'देव' शब्द जुड़ गया। वे कालांतर में 'गुरु नानकदेव' के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु–संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धापूर्वक क्षमा माँगी। गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई॰ में अमरत्व को प्राप्त कर गए। श्री गुरुनानक देवजी के सबसे निकटस्थ शिष्य मरदाना को माना जाता है जो कि जाति से मुसलमान थे। आप देखिये नानक देवजी के तप का प्रभाव कि मरदाना ने अपना पूरा जीवन गुरुनानकजी के सेवा में गुजारा। सैकडों साल पुराने सामाजिक सच, आज के सच हों, यह जरूरी नहीं है। अतः सत्य की खोज के लिए गतिशीलता एवं विवेक की अपेक्षा है। उन्होंने परम चक्षु–अंतर्दृष्टि को जगा और श्रेष्ठताओं के संवर्धन हेतु विशिष्ट पराक्रम किया। इसका तात्पर्य यह है कि आध्यात्मिक विकास हेतु विवेकयुक्त पुरुषार्थ की नितांत अपेक्षा रहती है। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।' यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

# अमेरिका में चुनाव परिणाम और एलन मस्क की भूमिका : एक समीक्षात्मक दृष्टिकोण



कैलाश केशरी

अमेरिका के चुनावी परिदृश्य में विभिन्न हस्तियों और उद्योगपतियों का प्रभाव देखा जाता है। एलन मस्क का नाम इनमें प्रमुखता से सामने आता है, जो न केवल एक तकनीकी नवप्रवर्तक हैं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपने विचार खुलकर व्यक्त करते रहे हैं। मस्क का प्रभाव हाल के चुनावों में प्रत्यक्ष रूप से न सही, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण रहा है। इस आलेख में हम मस्क की भूमिका को चुनावी परिदृश्य के संदर्भ में विश्लेषण करेंगे, साथ ही यह जानने की कोशिश करेंगे कि उनकी विचारधारा और सोशल मीडिया पर उनकी उपस्थिति ने चुनावी प्रक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ा। एलन मस्क का नाम टेस्ला, स्पेसएक्स, और अब ट्विटर (जिसे उन्होंने 'एक्स' के रूप में पुनः ब्रांडेड किया है) जैसे बड़े संगठनों से जुड़ा है। मस्क ने प्रौद्योगिकी में क्रांति ला दी है और एक सामाजिक रूप से प्रभावी व्यक्ति बन गए हैं, जिनकी सोच में पर्यावरण सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, और अंतरिक्ष अन्वेषण प्रमुखता रखते हैं। राजनीति में उनकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है, फिर भी वे अपनी सोच और दृष्टिकोण के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से समाज को प्रभावित करते हैं।



2022 में ट्विटर के अधिग्रहण के बाद, मस्क के पास एक प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म का नियंत्रण है। ट्विटर एक ऐसा मंच है, जहाँ से बड़ी संख्या में लोग समाचार, विचार, और राजनीतिक जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। मस्क ने ट्विटर की नीतियों में कई बदलाव किए, जिनमें मुक्त अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना और निष्पक्षता का समर्थन करना शामिल था। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का निलंबित खाता पुनः बहाल कर दिया, जिससे उनके समर्थकों के बीच मस्क की छवि स्वतंत्रता और निष्पक्षता का प्रतीक बन गई। ट्विटर के माध्यम से मस्क ने रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी की नीतियों पर समय–समय पर टिप्पणियाँ की हैं। उन्होंने हाल ही में स्वतंत्र विचारों और सरकारी नियंत्रण के प्रति अपना रुख स्पष्ट किया, जिससे स्वतंत्र मतदाताओं के दृष्टिकोण में एक संतुलन देखने को मिला। चुनावों के दौरान, मस्क ने किसी पार्टी के समर्थन की बजाय स्वतंत्रता और व्यक्तिगत अधिकारों को समर्थन दिया। यह एक महत्वपूर्ण संकेत है कि मस्क किसी विशेष राजनीतिक दल से बंधे नहीं हैं, बल्कि मुद्दों के आधार पर अपने विचार व्यक्त करते हैं। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी की कुछ नीतियों का समर्थन किया, विशेषकर आर्थिक और व्यापारिक नीतियों में, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के पर्यावरणीय मुद्दों पर अपनी सहमति व्यक्त की। उनका दृष्टिकोण अमेरिकन समाज में न केवल उदार और रूढ़िवादी विचारधाराओं के बीच एक सेतु का काम करता है, बल्कि समाज को नई दिशा भी प्रदान करता है। 2024 के चुनावों में, मस्क का ट्विटर के माध्यम से अप्रत्यक्ष प्रभाव और अधिक स्पष्ट हो सकता है। उन्होंने ट्विटर पर जिस प्रकार से नए नीतिगत बदलाव किए हैं, वह चुनावी अभिव्यक्तियों और विचारों के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देगा। इस प्रकार मस्क के विचार और उनके सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग उन मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है जो किसी राजनीतिक धारा के तहत वोट नहीं करते, बल्कि मुद्दों के आधार पर निर्णय लेते हैं।

मस्क की सोच में सामाजिक मुद्दों को स्वतंत्रता के दृष्टिकोण से देखना शामिल है। वे मानते हैं कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की स्वतंत्रता की रक्षा आवश्यक है। सोशल मीडिया पर उनकी उपस्थिति और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे राजनीतिक संवाद को समृद्ध बनाने में सहायक रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि मस्क का प्रभाव एक सीमा तक अमेरिकी समाज में स्वतंत्रता और साक्षरता को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी चुनाव में एलन मस्क की भूमिका प्रत्यक्ष न होते हुए भी, सोशल मीडिया और उनकी सार्वजनिक उपस्थिति के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावी रही है। उनका दृष्टिकोण पारंपरिक राजनीतिक सोच से अलग है, और यह स्वतंत्र मतदाताओं को नई दिशा और सोच प्रदान करता है। मस्क का यह प्रभाव आगामी चुनावों में और गहरा हो सकता है, जहाँ एक ऐसा समाज बनता दिखता है जो अपने निर्णयों को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप में व्यक्त करने के लिए प्रेरित होता है। मस्क के विचार और उनकी तकनीकी पहुँच लोकतांत्रिक सोच में एक नई क्रांति ला सकते हैं, जो समाज को अधिक स्वायत्त और जिम्मेदार बनाने में सहायकहो सकता है।

# अदालतों की धीमी कार्रवाई ने अपराधियों में कानून का खौफ खत्म कर दिया!



मनोज कुमार अग्रवाल

अपराधियों के गिरोह और सरपरस्त अराजक तत्व सर्वोच्च न्यायालय के बुलडोजर एक्शन के नियमन वाले ताजा फैसले से राहत महसूस कर सकते हैं दरअसल कुछ वर्षो से देश में 'बुलडोजर एक्शन' की बड़ी चर्चा है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन को लगाम देने के लिए कड़ा फैसला किया है गत 7 वर्षो में 1935 आरोपियों की सम्पत्तियों पर 'बुलडोजर एक्शन' हुआ है। इसमें उत्तर प्रदेश सबसे आगे, मध्य प्रदेश दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर है। आपको बता दें कि देश में किसी आरोपी की सम्पत्ति रातो–रात जमींदोज करने का अभी कोई कानून नहीं बना, फिर भी इसी वर्ष 3 राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में विभिन्न आरोपों में संलिप्त आरोपियों की इमारतें जमींदोज कर दी गई।इनके विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुप्रीमकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान 13 नवम्बर को न्यायमूर्ति बी. आर. गवई तथा न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन ने अपने फैसले में 'बुलडोजर एक्शन' की प्रवृत्ति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी तुलना अराजकता की स्थिति से की।उन्होंने कहा, "अधिकारी किसी व्यक्ति के मकान को केवल इस आधार पर नहीं गिरा सकते कि उस पर किसी अपराध का आरोप है। कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त न किया जाए तथा प्रभावितों को उत्तर देने के लिए 15 दिन का समय भी दिया जाना चाहिए।"

न्यायालय ने कहा कि राज्य या अधिकारी द्वारा नियमों के विरुद्ध आरोपी या दोषी के विरुद्ध 'बुलडोजर एक्शन' नहीं किया जा सकता। किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी अपराध की सजा घर तोड़ना नहीं है। यह कानून का उल्लंघन है। सरकारी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति को मुआवजा दिया जाना चाहिए। यदि आरोपी एक है तो पूरे परिवार को सजा क्यों दी जाए !अधिकारियों को इस तरह के मनमाने तरीके से काम करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। प्रशासन जज की तरह काम नहीं कर सकता। घर प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है और वह चाहता है कि उसका आश्रय कभी न छिने। यदि राज्य इसे ध्वस्त करता है तो इसे अन्यायपूर्ण माना जाएगा।

यदि घर गिराने का आदेश पारित किया जाता है तो इसके विरुद्ध अपील करने के लिए समय दिया जाना चाहिए। जीवन का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और आश्रय का अधिकार इसका एक पहलू है। यदि कानूनों के विरुद्ध जाकर कोई कार्रवाई की जाती है तो अधिकारों की रक्षा करने का काम अदालत का ही है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि हर हालत में 'बुलडोजर एक्शन' की प्रक्रिया नोडल अधिकारी के जरिए होगी। हर जिले का डी.एम. अपने क्षेत्राधिकार में किसी भी निर्माण को गिराने को लेकर एक नोडल अधिकारी को नियुक्त करेगा। नोडल अधिकारी 15 दिन पहले विधिवत तरीके से रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रभावित पार्टी को नोटिस भेजेगा। इसे निर्माण स्थल पर भी चिपकाना व 'डिजीटल पोर्टल' पर डालना अनिवार्य होगा।नोडल अधिकारी इस पूरी प्रक्रिया को यकीनी बनाएगा कि संबंधित लोगों को नोटिस समय पर मिले और इस नोटिस का जवाब भी सही समय पर मिल जाए। इसके लिए 3 महीने के भीतर 'पोर्टल' तैयार किया जाए। माननीय जजों का कहना है कि कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना घर/सम्पत्ति गिराने की कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती और इसकी वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी। 'बुलडोजर एक्शन' के दुष्परिणामों को देखते हुए यह देर से आया फैसला है जिससे अनेक घर टूटने से बच सकते हैं, अतः इस पर सख्ती से आमल होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपराधियों को दंड देना अदालत का काम है वहीं सवाल यह भी है कि क्या अदालतें अपना काम समयबद्ध और प्रभावी ढंग से कर रहीं हैं ऐसे हालात में जब देश की अदालतों में पांच करोड़ मुकदमें विचाराधीन पैंडिग पड़े हैं हजारों न्यायिक व न्यायालय कर्मियों के पद खाली है पैंडिग मुकदमों की तादाद साल दर साल बढ़ती जा रही है तब अपराधियों पर कानून और अदालत का कोई भय नहीं रह जाता है जब पेशेवर अपराधी समाज में आतंक मचा कर अपनी दबंगई और गुंडई का समानांतर साम्राज्य स्थापित कर लेते हैं और उनके परिवार व समर्थन में सैकड़ों हजारों लोग उन्हें संरक्षण देने व उनके खिलाफ गवाही देने वाले लोगों को धमकाने मारने लूटने का काम करते हैं। बाहुबली धनबली दबंग और राजनीति में भी दखल रखने वाले माफिया पेशेवर अपराधी दशकों तक भी किसी मामले में सजा नहीं पाते हैं और येन–केन प्रकरेण जमानत पर रिहा हो जाते हैं तो ऐसे अपराधियों पर नकेल डालने के लिए उनके द्वारा अवैध तरीके से इकठ्ठा की गयी संपत्तियों पर बुलडोजर एक्शन बहुत कारगर कदम साबित हुआ। योगी सरकार के इस कदम से यूपी जैसे राज्य में जहां अराजकता और माफिया राज कायम हो चुका था योगी सरकार के बुलडोजर ने अपराधियों के दिल में कानून का खौफ कायम किया और कानून व्यवस्था का राज स्थापित किया। बेशक शीर्ष अदालत को बुलडोजर एक्शन में खामियां नज़र आई हो लेकिन उपलब्ध कानून और अदालतों के अस्तित्व के बावजूद अपराधियों और माफियाओं पर कानून का भय बनाने में अदालत क्यो प्रभावी नहीं है इस पर भी विचार किया जाना चाहिए? बुलडोजर एक्शन की जरूरत क्यों हुई? यदि अदालत सही ढंग से प्रभावी काम करती तो देश में अपराधियों का तंत्र सक्रिय ही नही होता। जरूरत है कि अदालत अपने कार्यप्रणाली पर समीक्षा करे ताकि सरकारों को इस तरह के एक्शन प्लान बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब बुलडोजर एक्शन का भय खत्म होगा तो एनकाउंटर ही विकल्प बचेगा क्योंकि सरकार को अदालत के सुस्त कार्यप्रणाली से कानून व्यवस्था का खौफ बनाने में मदद नही मिलती है इस लिए विकल्प विकसित होते है। शीर्ष अदालत को विचार करना चाहिए कि संगीन अपराध करने वाले अपराधियों को शीघ्र सजा क्यो नहीं मिल पाती है? कैसे अपराधियों के गिरोह करोड़ों अरबों की अकूत संपत्ति जमा कर लेते हैं? अदालत तारीख पर तारीख की प्रक्रिया से बाहर क्यों नहीं आ पाई रहीं हैं? जब बत्तीस साल बाद अजमेर सैक्स कांड का फैसला दिया जाता है और जब निठारी कांड के दर्जनों गरीब बच्चियों युवतियों के आरोपी हत्यारों को सतरह साल की अदालती कवायद के बाद बरी कर दिया जाता है तो इस देश की न्यायिक व्यवस्था के प्रति आम आदमी का भरोसा टूट जाता है।इस टूटे भरोसे को कैसे कायम करोगे? क्या शीर्ष अदालत अपने अदालती तंत्र को सुधारने के लिए कुछ करेगी?

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# समस्त मानव जाति के लिए प्रेरक हैं गुरुनानक के उपदेश



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष 15 नवम्बर को यह पर्व पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 'सिखों के प्रथम गुरु' गुरु नानक जी की जयंती को 'प्रकाश पर्व' कहा जाता है। इस बार गुरु नानक जी का 555वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बा' आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। इस दिन धर्मगुरु और समाज के सम्माननीय लोग गुरु नानक की शिक्षाओं और संदेशों को दोहराते हैं ताकि लोगों के बीच उनके पवित्र विचारों को फिर से ताजा किया जा सके। सितम्बर 2019 में 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल द्वारा सौ, एक हजार तथा ढाई हजार रुपये के तीन स्मारक सिक्कों का सेट जारी किया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा भी गुरुजी के 550वें प्रकाश पर्व पर 50 रुपये का एक सिक्का जारी किया गया था। कोलकाता टकसाल द्वारा 550वें प्रकाशोत्सव पर 12 नवम्बर 2019 को 44 मिलीमीटर गोलाई वाला 35 ग्राम वजनी 550 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया गया था, जिसमें 50 फीसदी चांदी, 40 फीसदी तांबा और पांच–पांच फीसदी निकल व जिंक का मिश्रण है। सिक्के के एक ओर गुरुद्वारा श्री बेर साहिब का चित्र उकेरा गया था और उसी ओर सिक्के पर देवनागरी व अंग्रेजी में 'श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व' लिखा गया था। गुरु नानक जी का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ था किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम–धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु–संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बा' आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे–बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। 'एक पिता एकस के हम बारिक' नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच–नीच और अमीर–गरीब के भेद को मिटाता है। 555वें प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर गुरु नानक जी से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरु नानक जी एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर–भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर–भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया। जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं? लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं। लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, "खेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?"

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़ी (धौलपुर) में प्रशासनिक संकटः रिक्त पदों के कारण जनसुनवाई में कमी, फरियादी नहीं पहुंचे



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखंड में जनसुनवाई का आयोजन औपचारिक रूप से हुआ, लेकिन बिना एसडीएम और तहसीलदार के उपस्थिति के इसे प्रशासनिक रूप से सफल नहीं कहा जा सकता। पेंडिंग परिवादों के बावजूद जनसुनवाई में कम फरियादी पहुंचे। इस समय उपखंड में महत्वपूर्ण पदों की भारी कमी है, जैसे एसडीएम, तहसीलदार, ईओ, बीडीओ, सीबीईओ, ढहञ्ज एठ आदि, जिनकी नियुक्ति को लेकर सरकार और प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इन रिक्त पदों के कारण न केवल जनसुनवाई की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, बल्कि कई महत्वपूर्ण कार्य भी रुके हुए हैं। इस मौके परराम बोल सिंह गुर्जर, कल्याण सिंह मीणा, डॉ. गब्बर सिंह बीसीएमओ, डॉ. हरकिशन मंगल पीएमओ, सीताराम शर्मा, अकरम खान जेईएन, राम वकील गुर्जर, राजेश एलडीसी,नरेश.....

### बाल समारोह पर प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं को किया सम्मानित

- **बहरामदा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन**



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के जन्मदिन को बाल समारोह के रूप में मनाते हुए गांव बहरामदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बाद में प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। इससे पहले प्रधानाचार्य मधुवाला दीक्षित ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। वही, पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं व महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। समारोह दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बाद में निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में रश्मि व भाषण प्रतियोगिता में स्वेता को प्रथम स्थान हासिल करने पर स्मृति चिंह देकर पुरुस्कृत किया गया। समारोह में उपप्रधानाचार्य हजारीलाल शर्मा, शांतिस्वरूप गुप्ता मौजूद रहे। समारोह का संचालन शिक्षक एकता व दुर्गा ने किया।

### राजस्थान उपचुनावों में 7 में से 7 सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा प्रत्याशियों की होगी जीतः- डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल

- **भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और पदाधिकारियों की मेहनत रंग लाईः डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल**

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा छह नहीं सातों सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करा रही है। चौरासी में भी ऐतिहासिक मतदान भाजपा के समर्थन में है और भाजपा चौरासी सहित प्रदेश की सभी सातों सीटों पर विजय श्री प्राप्त कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और सभी पदाधिकारियों ने बहुत मेहनत की है, ऐसे में मैं अपनी बात एक बार फिर दोहराता हूं कि भाजपा सभी सीटों पर जीत दर्ज करा रही है। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि विश्व में भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनीतिक संगठन है, जहां पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ संगठन के चुनाव किए जाते है। इसमें चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश से होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक चुनाव पद्धती के माध्यम से निर्वाचित किए जाते है। यह भाजपा में ही संभव है। भाजपा का सदस्यता अभियान 15 नवंबर तक चलेगा, इसके बाद सक्रिय सदस्यता सूची जारी कर दी जाएगी। भाजपा के हर बूथ पर सक्रिय सदस्य लक्ष्य अनुरूप बनाए गए है।



### सबको बीमा अभियान-2047 के तहत बैठक का हुआ आयोजन

- **जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की बैठक की अध्यक्षता**



**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी) 14 नवंबर।** केन्द्र सरकार के ''सबको बीमा अभियान-2047'' का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ।बीमा विभाग, जयपुर शहर संयुक्त निदेशक राकेश कुमार मीणा ने बताया की जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में पूर्ण रूप से बीमित प्रथम गांव बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही जल्द ही अमल लाई जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य, श्रम, कृषि एवं बीमा विभाग के अधिकारी सहित निजी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## करौली डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

# नाबालिग से गैंगरेप एवं लूट के मामलों में फरार 25000 के इनामी को लोहरा पीतुपूरा की घाटी से किया गिरफ्तार

## 4 साल से था वांछित, एक लोडेड कट्टा 315 बोर व 10 कारतूस बरामद

चमकता राजस्थान

जयपुर/करौली! (खलील कुरैशी) 14 नवंबर। जिला स्पेशल टीम ने बडी कार्रवाई कर करीब चार साल से नाबालिग से गैंगरेप व लूट के मामलो में फरार 25000 हजार रूपये के ईनामी मोहन राज मीना पुत्र हरकेश निवासी गांगुरदा थाना मामचारी को लोहरा पीतुपुरा की घाटी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गांव से करीब 4 किलोमीटर पहाड़ी पर पत्थर की शिला के नीचे गुफा बनाकर रह रहा था। अंधेरा होने पर पंक्ति के रास्ते घर पहुंच खाना पानी लेकर आ जाता। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व 10 कारतूस भी बरामद किए हैं।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे इनामी आरोपी मोहनराज के संबंध में आसूचना संकलन उन्होंने डीएसटी प्रभारी धारा सिंह को निर्देश दिए थे। जिसकी काफी समय से लौहरा पीतुपुरा व गैरई के पहाड के घने जंगलो में होने की आसूचना व टेक्निकल आधार पर भी ईनामी के इसी जंगल में होने की पुष्टी हो रही थी।




### डीएसटी के कांस्टेबल ने चरवाहा बन जुटाई जानकारी

आसूचना व टेक्निकल आधार पर पिछले 1 महीने से कांस्टेबल नैमी चन्द लगातार चरवाहे के वेश में बकरी चराने वालो के साथ तलाश करता रहा। करीब तीन दिन पहले ईनामी के लौहरा गांव की घनी पहाडी में होने की पुख्ता जानकारी मिली। जिस पर एसपी के निर्देश पर डीएसटी टीम दिन रात आस पास कैम्प किया।

### दो-दो के ग्रुप में पांच टीमों ने सर्च किया

जंगल काफी घना होने से निकलने के रास्ते नही थे। कटीली झाडियो व धौक के वृक्षो के बीच से रास्ते बनाकर दो-दो के ग्रुप में पांच टीमें पिछले तीन दिन व रात से मुलजिम की तलाश कर रही थी। बुधवार को कांस्टेबल नेमी चन्द व रामदास को पहाड की लटकन में घनी झाडियों के बीच चढाई करते समय मुलजिम मोहनराज एक पत्थर की शिला के नीचे गुफा में बैठा दिखाई दियाकटीली झाड़ियां के बीच चढ़ाई चढ़ रहे दोनों कांस्टेबल को देख आरोपी वहां से भागने लगा तो इसकी सूचना उनके द्वारा समस्त टीम सदस्यों को दी गयी व लगातार पीछा करते रहे। आरोपी मोहन राज जंगल के छोटे रास्ते से वाकिफ था और अपने जूते खोल कर भागता रहा और करीब चार किलोमीटर भागकर कैलादेवी सपोटरा रोड के पास एक धार्मिक स्थान के पास बनी पानी की टंकी के पास ओट लेकर छिप गया।इनामी आरोपी के हाथ में हथियार था, जिसको टीम ने चारों तरफ से घेर लिया और हथियार नीचे डालने के लिये ललकारा। लेकिन आरोपी हथियार डालने के लिये सहमत नही हुआ। इसी दौरान टंकी के पीछे से कांस्टेबल नेमीचंद एवं रामदास ने बिना कोई क्षति किये बहादुरी के साथ आरोपी को दबोच लिया। हथियार को चैक किया तो कट्टा 315 बोर लोडेड व पेंट की जेब से 9 जिन्दा कारतूस और मिले। आरोपी के विरुद्ध थाना कैलादेवी पर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। ईनामी अपराधी मोहनराज करीब चार साल से फरार चल रहा था। अत्यंत शातिर प्रवृति का आरोपी केबल मोबाईल से फेसबुक चलाता। केवल मैसेन्जर के जरिये ही बातचीत करता था। उक्त मैसेन्जर को चलाने के लिए पहले अपने परिचितों व बकरी चराने वालों का हॉटस्पॉट उपयोग में लेता। जिसको साईबर सैल की टीम द्वारा कई बार ट्रेस किया, लेकिन नम्बर किसी अन्य व्यक्ति के पास मिलता था। पुलिस का ध्यान बाटने के लिए आरोपी जगह जगहों के फोटो वीडियो फेसबुक पर अपलोड करता रहता। जिसे साइबर सेल, डीएसटी एवं थाना कैला देवी व मामचारी पुलिस द्वारा चिन्हित कर कार्रवाई की गई।25 हजार के इनामी मोहनराज मीना के विरुद्ध जिले के थाना सपोटरा में गैंगरेप के दो मुकदमे व मंडरायल में लूट के मुकदमे सहित कुल तीन मुकदमे दर्ज है। आरोपी मध्य प्रदेश में श्योपुर जिले के थाना विजयपुर में आर्म्स एक्ट व एनपीडीपीके एक्ट में भी वांछित है।

# बाल दिवस पर प्रभात फेरी एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्वाधान में हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान



जयपुर! (खलील कुरैशी) 14 नवंबर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर प्रथम, द्वितीय एवं जिला द्वारा बाल दिवस के अवसर पर जागरूकता प्रभात फेरी तथा एडीआर भवन में जागरूकता कार्यक्रम एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों द्वारा बाल दिवस के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम एवं बाल अधिकारिता थाम पर एडीआर भवन से होते हुए कलेक्ट्रेट सर्किल से पुनः एडीआर भवन तक प्रभात फैरी का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाम का संदेश दिया। इसी क्रम में सी.सी.पी. के समन्वय से एडीआर भवन में विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में आज बाल दिवस पर बच्चों के समग्र विकास हेतु, उन्हें विधिक सहायता या अन्य सहायता उपलब्ध करवाने के लिए जिन विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है तथा बाल विवाह बच्चों का जीवन किस प्रकार विपरीत रूप से प्रभावित करता है, इन सब विषयों की जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, द्वितीय तथा जयपुर जिला द्वारा पोस्टर तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीसीपी टीम के समन्वय से एक नवीन पहल की गई है, जिसमें एक बालक यानी अवयस्क लड़के का जीवन बाल विवाह के कारण किस प्रकार से दुष्प्रभावित होता है इस विषय पर भी पोस्टर तैयार किया गया तथा पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सदस्य सचिव, रालसा, हरिओम शर्मा अत्रि, नंदिनी व्यास, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर मेट्रो प्रथम राजेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर, रालसा, राजेन्द्र बंशीवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर प्रथम, पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय, पवन जीनवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला, अमित बुढ़ानिया, डीसीपी वेस्ट, हिमांशु शर्मा, नॉडल अधिकारी, सीसीपी, एसपीयूपी आदि उपस्थित थे। रालसा के निर्देशन में प्रत्येक वर्ष 09 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है, गत 11 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष रूप से सक्षम बच्चों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं है। रालसा के निर्देशन में बच्चों को केन्द्र में रखते हुए ही 05 नवम्बर से 12 नवम्बर तक बाल विवाह निषेध अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में कुल 08 सरकारी विद्यालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सीपीसी के समन्वय से आयोजित करवाये गए पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले कुल 24 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं बैग पुरस्कार में दिए गए। कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड विभाग, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग एवं विधिक सेवा प्राधिकरण स्टाफ, विद्यार्थी व आमजन उपस्थित रहे।

### कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

- **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 16 एवं 18 नवंबर 2024 को आयोजित होगी परीक्षा**

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 14 नवंबर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 16 नवंबर एवं 18 नवंबर 2024 को कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन चार पारियों में (प्रथम पारी प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 5 हजार 450 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 18 नवंबर, 2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 15 नवंबर एवं 17 नवंबर 2024 तक प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 16 नवंबर एवं 18 नवंबर 2024 को को प्रातः 8 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए 9 उप समन्वयक एवं एक उड़नदस्त दल का तैनाती की गई है।जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## बच्चों की दुकानो का फीता काट कर किया शुभारंभ

# एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनी छात्रा खुशबू जाट

## एएसआई ने बच्चों को बाल दिवस के साथ यातायात नियम व कानून की जानकारी दी

चमकता राजस्थान

**करणपुर।** करणपुर कस्बे के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन पर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सभी जगह कार्यक्रम में बच्चों को बाल दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। कस्बे में जेबी आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बाल दिवस को यादगार बनाने के लिए गुरुवार को अनूठे अंदाज में मनाया गया। विधालय की छात्रा खुशबू जाट को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका भी बनाया गया। करणपुर पुलिस थाने के एएसआई जगदीश सिंह ने बच्चों को बाल दिवस के साथ यातायात नियम व कानून की जानकारी दी गई। उन्होने कहां कि शिक्षा की नींव मजबूत करने के लिए पढ़ाई बहुत जरूरी है। जवाहरलाल नेहरू के आदर्शो पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। इससे पहले बाल दिवस के मुख्य अतिथि एएसआई जगदीश सिंह का प्रधानाध्यापक विष्णु चंद नापित द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया।



### बच्चों की दुकानो का फीता काट कर किया शुभारंभ

» जेबी आदर्श विधालय में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामान की दुकाने लगाई गई। बच्चों की दुकानो का करणपुर पुलिस थाने के एएसआई जगदीश सिंह ने फीता काट कर उद्घघाटन किया गया। उसके बाद बच्चों की दुकानो से अभिभावक सहित बच्चों ने जमकर खरीददारी की गई।

- **एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनी 8वीं कक्षा की छात्रा खुशबू जाट**

जेबी आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय की आठवीं कक्षा में पढ़ने बाली छात्रा खुशबू जाट की इच्छा व्यक्त करने पर बाल दिवस के अवसर पर एक दिन के लिए विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका बनाया गया। इनके निर्देश पर सभी शिक्षकों ने विद्यालय के गतिविधि का संचालन किया। प्रधानाध्यापिका बन उसने खुद के ही विद्यालय में एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठकर काम काज किया गया। बच्चों की क्लास लेकर पढ़ाई के बारे में विस्तार से समझाया एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनी खुशबू जाट ने कहां कि इसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और उन्हें उनके अधिकार प्रदान करने में मदद करना है। ताकि दुनिया भर में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का वे सामना कर सकें। छात्रा ने आगे की पूरी पढ़ाई कर खुद को डाक्टर बनने की इच्छ व्यक्त की गई। उसने कहां कि गरीब लोगो की सेवा करना चाहती हूं। इस मौके पर विधालय के व्यवस्थापक मुकेश गुप्ता, प्रधानाध्यापक विष्णु चंद नापित,सोनपाल मीना,भूरसिंह मीना,उम्मेद सिंह, ज्योति नापित,सविता सैन,पूजा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस सेवादल ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि





**चमकता राजस्थान। बांरा!** बारां में गुरुवार को सब्जिमंडी स्थित नेहरू पार्क में एकत्रित होकर पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू की 135 वीं जयंति पर कॉंग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी !इस बारे में कांग्रेस के युवा नेता शाहिद इकबाल भाटी विस्तृत ने जानकारी देते हुए बताया कि पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इनके बताए पथ पर युवाओं को चलने की जरूरत है। इनके नीतियों और योजनाओं की देन है कि देश आजादी के बाद से अब तक विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। आधुनिक भारत के निर्माण में चाचा नेहरू का अहम योगदान था जो सदैव याद किया जाएगाइस दोरान सेवा दल प्रदेश सचिव अशरफ देशवाली ,मुख्य प्रशिक्षक नासिर मिर्जा राकेश गोड,पार्षद जाकिर खान,समीर खान,विजय बैरवा ,जूनेद अंसारी ,कुलदीप मीणा ,जुगल पांचाल,रोहित गुर्जर ,राकेश महावर,रहीम भाई ,रामप्रकाश बैरवा,आशाराम बैरवा,जितेंद्र नागर ,दिलीप यादव ,शिवराज मीणा,दुर्गेश धनवती ,सुरेश चंद आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे

### जगिङ समाज के द्वारा साधु सन्तो एवं गुरुकुल के विद्यार्थीयों का भोजन प्रसादी का हुआ भव्य आयोजन



**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर!(खलील कुरैशी)** जांगिड़ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, त्रिवेणी धाम-शाहपुरा द्वारा 17 वाँ 21 जोड़ों के सामाजिक सामुहिक विवाह सम्मेलन के सराहनीय और सफल आयोजन होने के उपलक्ष में प्रातः स्मरणिय बन्दनिय श्री श्री 1008 श्री Ω पीठाधीश्वर महाराज / श्री राम रिछपाल दास जी महाराज के सानिध्य व आदेशानुसार साधु सन्तों एवं गुरु कुल के विद्यार्थीयों का समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़ व भामाशाह प्रभु दयाल जागिड़ भामोद वालों की ओर से भोजन प्रसादी व दक्षणा देकर आर्शिवाद पाप्त किया पूर्व अध्यक्ष मामराज चिचावा ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष मदन लाल हरसोलिया, मुख्य संरक्षक बाला सहाय चिचावा, सत्यनारायण हरसोलिया, लखन लाल जांगिड, पूर्व कोषाध्यक्ष- साधुराम बिदाका (बिदारामुरलीधरजांगिड-नाथाबाला कोषाध्यक्ष-मोहन लाल-आमेरिया, खोरा, सुरेश कुमार पंवार, गजानन्दसा, महामंत्री- राधेश्याम रतनपुरा उपाध्यक्ष - रिछपाल आमेरिया, दिनेश कुमार-रूपपुरा, रामावतार रामावतार जांगिड खातेडी आदि गणमान्य व्यक्ति समाज के मोजूद रहें।

### करणी सेना की कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला शेखावत की अगुवाई में हुई आयोजित हुई करणी सेना की विशेष समीक्षा बैठक



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** गुरुवार 14 नवंबर 2024 कोटपुतली, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा गुरुवार को कोटपुतली के एक निजी गार्डन में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला शेखावत गोगामेड़ी व प्रदेश महासचिव भँवर सिंह नरूका का कोटपुतली पहुँचने पर स्वागत किया गया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला शेखावत गोगमेड़ी ने द्वारा आने वाली 5 दिसंबर को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के सुप्रीमो स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी गोगामेड़ी में भव्य मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आवाहन किया ।इस दौरान विजयपाल सिंह बनेठी,धुड़ सिंह भौनावास,राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कोटपुतली ज़िला अध्यक्ष प्रताप सिंह कोथल,ज़िला उपाध्यक्ष रूपसिंह टसकोला,अजीत सिंहलालपुरा,धर्मसिंह भैंसलाना,अजय सिंह कुजोता,सुबेसिंह द्वारिकपुरा,सुरेंद्र सिंह नरसिंहपुरा,नागेंद्र सिंहसुदरपुरा,अशोकसिंहजोधपुरा,तिलक सिंह,नीटूसिंह,भीम सिंह कृष्ण सिंह, महेश सिंह, ऋषिराज सिंह,सोनू सिंह,ममता कंवर,संजना कंवर,सविता कंवर,लालता कंवर,रजनी कंवर,माया कंवर,रेखा कंवर आदि उपस्थित रहे।

# उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई के सकारात्मक प्रयास बढ़ा रहे जेडीए का इकबाल

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने दो स्थानों से सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से कराया मुक्त

चमकता राजस्थान







जयपुर! (खलील कुरैशी) 14 नवम्बर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम दौलतपुरा में थाने के पास तलाई की सरकारी भूमि पर कोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। दिल्ली रोड़ मानपुरा माचेड़ी के पास सरकारी भूमि कब्जा-अतिक्रमण मुक्त एवं दिल्ली रोड़ ग्राम शाहरी में गैर मुमकिन आम रास्ते को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम दौलतपुरा में थाने के पास तलाई के खसरा नं. 1100 में स्थानीय कास्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर करीब 100 मीटर तक ग्रेवल सडक का अवैध निर्माण किये जाने की सचूना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर तलाई की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़ मानपुरा माचेड़ी केपासमेंसरकारीभूमिपरकब्जा-अतिक्रमण कर छान-छप्पर, तिरपाल, लोहे की थड़ी इत्यादि लगाकरकब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़ ग्राम शाहरी में खसरा नं.-111, 165 करीब 700 मीटर लम्बाई तक जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन आम रास्तें पर स्थानीय कास्तकार द्वारा पिछले 35 वर्षों से कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल बनाकर, तारबंदी कर, झाडियां लगाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आम जन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया ।उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

इसी प्रकार प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से तक कुल 51 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास विफल किया गया, 52.5 बीघा सरकारी भूमि, 01 सुविधा क्षेत्र, 01 पार्क की भूमि, 04 आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in &enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की षिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

# जयपुर एवं श्रीगंगानगर की राज्य सब जूनियर हैंडबॉल में विजयी शुरुआत

## चार दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया रविंद्र सिंह भाटी ने

## राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 14 नवंबर।** बालक वर्ग की गत विजेता जयपुर तथा बालिका वर्ग की गत विजेता श्रीगंगानगर ने जालोर में गुरुवार से शुरू हुई चार दिवसीय 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता-2024-25 में पहले दिन खेले गये लीग मैचेस में जीत दर्ज अपना विजयी अभियान शुरू किया। बालक वर्ग में जयपुर ने डूंगरपुर को 10-04, ज्ञान ज्योति अकादमी को 16-06 से व अजमेर को 19-14 से हराया। वही बालिका वर्ग में श्रीगंगानगर ने झुनझुनू को 08-01 से हराया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक-शिव रविंद्र सिंह भाटी थे। समारोह की अध्यक्षता हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह जी खंगारोत ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष मारवाड़ राजपूत सभा, गोविंद टांक, सभापति नगर परिषद जालोर तथा भारतीय हैंडबॉल टीम के प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत थे।

गुरुवार को खेले गये अन्य मैचः- बालक वर्गः- माही हैंडबॉल अकादमी ने झुंझुनू को 19 -7 से, जैसलमेर ने जालौर को 13 -4 से, श्रीगंगानगर ने चुरु को 23 -8 से, सीकर ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 9-1 से, एसटोसी-नौसेगे ने डूंगरपुर को 14-0 से, हनुमानगढ़ ने करौली को 11-5 से, महाराणा हैंडबॉल प्रताप एकेडमी ने जैसलमेर को 17-13 से , सीकर ने चित्तौड़ को 8-5 से, एसटोसी- नौसेगे ने भरतपुर को 16-3 से, सिरोही ने झालावाड़ को 11-0 से, भीलवाड़ा ने करौली को 7-1 से, जयपुर ने झालावाड़ को 6-1 से, श्री गंगानगर ने माही हैंडबॉल अकादमी को 18-9 से हराया। सीकर व भीलवाड़ा 12 -12 से बराबर रहे। बालिका वर्ग में

हनुमानगढ़ ने बाड़मेर को 23 -12 से, जयपुर ने भीलवाड़ा को 16-7 से, जोधपुर ने चित्तौड़ को 14-9 से, महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी ने डूंगरपुर को 13-3 से, चूरू ने दुलमाना हैंडबॉल अकादमी को 16-9 से, चुरु ने झुन्झनू को 18-16 से हराया।

### भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के दल ने किया जयपुर मेट्रो का दौरा



**चमकता राजस्थान।** जयपुर 14 नवम्बर। भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (क्ळएउ) कार्यक्रम के तहत 25 अंतर्राष्ट्रीय अधिकारियों के प्रतिनिधि दल ने ''विकासशील शहरी संदर्भ में स्थायी शहरी गतिशीलता'' विषय पर अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का दौरा किया। सर्वप्रथम छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर प्रतिनिधि दल ने छोटी चौपड़ स्थित कला दीर्घा में मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली, चौपड़ पर खुदाई के दौरान निकले ऐतिहासिक कुंड, गौमुख एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लायी गयी पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी प्राप्त की।

इसके पश्चात दल ने छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक की मेट्रो ट्रेन द्वारा यात्रा की तथा मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंचने पर प्रतिनिधी दल के साथ सभागार में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विकासशील शहरी संदर्भ में स्थायी शहरी गतिशीलता विषय पर मेट्रो की भूमिका के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दल को दी गई।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने क्ळएउ आयोजित इस दौरे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के आवास एवं आधारभूत क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों द्वारा ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान को अतिमहत्वपूर्ण एवं एक सराहनीय कदम बताया।

## भू-जल संग्रहण की नवीनतम तकनीकों को उपयोग कर भू-जल वृद्धि पर देना होगा ध्यान

# अटल भू-जल योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## जल को अमृत मानकर सहेजने की हैं आवश्यकता, - प्रमुख शासन सचिव भू-जल विभाग

चमकता राजस्थान





**जयपुर! (खलील कुरैशी)** 14 नवंबर। भू-जल विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि जल को अमृत मानकर सहेजने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक समन्वित प्रयासों से भू-जल संग्रहण की नवीनतम तकनीकों को उपयोग कर भू-जल वृद्धि पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सावंत गुरुवार को दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में अटल भू-जल योजना अंतर्गत जल प्रबंधन कीनवीनतम तकनीकों पर आधारित राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे ।प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि भू-जल जमीन के नीचे स्थित एक संपदा है जो हमें दिखाई नहीं देती है। जल का प्रश्न हमारे अस्तित्व के प्रश्न से जुड़ा है। पुराने समय में आधुनिक तकनीक के न होने के कारण भू-जल का दोहन भी कम होता था और मानव की आवश्यकता के लिए भरपूर जल उपलब्ध था लेकिन नवीनतम तकनीक से भूजल का अत्यधिक दोहन मानव के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहा है। इसलिए अभी से ही भू-जल संरक्षण के प्रयासों पर चिंतन और मंथन करने की जरूरत है। सावंत ने कहा कि राजस्थान के 74 प्रतिशत ब्लॉक भू-जल की दृष्टि से अति दोहित श्रेणी में आते हैं। वहीं पूरा राजस्थान नॉन सस्टेनेबल जोन में आता है। भू-जल की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गत वर्ष 17 बिलियन मीटर क्यूब जल का दोहन किया गया वहीं कुदरत ने 12 बिलियन मीटर क्यूब जल धरती को वापस लौटाया यानि कि मनुष्य ने प्राप्त जल की तुलना में डेढ़ गुना जल का अधिक दोहन किया है।

उन्होंने कहा कि जितने भू-जल का दोहन किया जाता है उसका 83 प्रतिशत भाग कृषि कार्य में, 10-11 प्रतिशत पेयजल में और शेष जल उद्योग में काम में लिया जाता है। हमारा प्रदेश कृषि आधारित प्रदेश है अतः सर्वाधिक भू-जल का उपयोग कृषि कार्य में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा मिल रहा है वैसे-वैसे ही औद्योगिक कार्यों के लिए भी जल की मांग बढ़ती जा रही है। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे महत्वपूर्ण योजना अटल भू-जल योजना है जो भू-जल बचाने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने का काम भी कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक भू-जल को बचाने के मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि भू-जल की मैपिंग जैसी नवीनतम तकनीक का उपयोग कर पता लगाया जाए कि किन स्थानों पर भूजल रिचार्ज किए जाने की आवश्यकता है और भू-जल रिचार्ज करना सफल होगा। उन्होंने कहा कि नियमानुसार 225 वर्ग मीटर से अधिक प्लाॅट पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भू-जल संग्रहण के साथ जल संग्रहण तकनीक पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही पानी के अपव्यय रोकना बहुत जरूरी है।अटल भू-जल योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ एस एन भावे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अटल भू-जल योजना 01 अप्रैल 2022 से देश के 7 राज्यों में संचालित है। जिन राज्यों में पेयजल संकट है वहां इस योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह योजना देश के 86 जिलों और प्रदेश के 21 जिलों में संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 65 प्रतिशत जनसंख्या के रोजगार का माध्यम कृषि कार्य है। कृषि के लिए पानी की महती आवश्यकता है। इसलिए गिरते भू-जल स्तर को रोकना अत्यंत जरूरी है।कार्यशाला में भू-जल विभाग के मुख्य अभियंता सूरजभान सिंह, अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक डॉ विनय भारद्वाज सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान अटल भू-जल योजना के 21 जिलों से राज्य एवं जिला स्तरीय सहभागी विभागों के नोडल अधिकारी, जिला ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी, कर्मचारी, विषय विशेषज्ञों तथा भू-जल विभाग के अधिकारियों सहित लगभग 350 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुक्त रुकमणी रियाड के निर्देशन में नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही

● 35 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 3 केन्टर सामान जब्त




**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 14 नवम्बर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मानसरोवर, टोंक रोड़, गोपालपुरा पुलिया, गुर्जर की थड़ी नाले के ऊपर, एयरपोर्ट टर्मिनल-1 से अवैध हटवाड़ा व सांगानेर से इण्डिया गेट तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 35 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 03 केन्टर सामान जब्त किया गयाउपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में मानसरोवर, टोंक रोड़, गोपालपुरा पुलिया, गुर्जर की थड़ी नाले के ऊपर, एयरपोर्ट टर्मिनल-1 से अवैध हटवाड़ा व सांगानेर से इण्डिया गेट तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 35 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर केक्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बाड़मेर जिले में थाना धनाउ, धोरीमना एवं डीएसटी की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई

● करीब 111 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो, बिक्री रकम 24210 रुपए नगद जप्त

**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर!(खलील कुरैशी) 14 नवंबर।** जिला स्पेशल टीम ने थाना धनाउ एवं धोरीमना के साथ अलग-अलग कार्रवाई में कुल 110.92 ग्राम स्मैक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से मादक पदार्थ स्मैक सहित घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो, बिक्री रकम 24210 नगद, दो इलेक्ट्रिक कांटे एवं तीन मोबाइल जप्त किए हैं।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना पुलिस एवं डीएसटी को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सीओ सुखा राम बिश्नोई के नेतृत्व में एसएचओ धोरीमना बगडू राम मय टीम द्वारा डीएसटी प्रभारी हनुमान राम की सूचना पर विष्णु नगर में आरोपी सुनील कुमार विश्नोई पुत्र जय किशन निवासी कुम्हारों की बेरी कोजा के मकान में दबिश दी गई।एक कमरे में बिस्तरों के नीचे छुपा कर रखी हुई 69 ग्राम 48 मिलीग्राम स्मैक, स्मैक बिक्री से प्राप्त 24210 रुपये नगद, दो इलेक्ट्रिक कांटे एवं इस काम में उपयोग में लिए जाने वाले तीन मोबाइल बरामद कर आरोपी सुनील कुमार विश्नोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पुलिस स्मैक की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

एसपी मीना ने बताया कि इसी प्रकार सीओ जीवनलाल खत्री के सुपरविजन एवं एसएचओ धनाउ गोविंदराम के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमराराम मय टीम एवं डीएसटी प्रभारी हनुमान राम मय टीम द्वारा जाखड़ों का तला गांव के पास एक सन्दिग्ध बोलेरो गाड़ी को रुकवाया गया। बोलेरो में सवार चालक रसूल खान पुत्र इमाम खान (48) निवासी भोजारिया थाना बीजराड़ के पास से 42 ग्राम 44 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई।आरोपी के पास से मिली स्मैक एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो जप्त कर पुलिस ने आरोपी चालक रसूल खान और उसके साथी भभूता राम बिश्नोई पुत्र किशना राम (29) निवासी चौहटन आगौर थाना चौहटन को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से पुलिस अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### नाराज आरएएस पेन डाउन हड़ताल पर रहे, दिया धरना



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)** राजस्थान उपचुनाव में देवली-उनियारा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा के एसडीएम को थप्पड़ मारने से नाराज 927 आरएएस अधिकारी पेन डाउन हड़ताल पर रहे। उनके साथ ही 10 हजार पटवारियों, 13 हजार रेवेन्यू कर्मचारी, 600 तहसीलदार, 15 हजार ग्राम सेवक संघ समेत करीब 35-40 हजार कर्मचारियों ने भी कामकाज छोड़ दिया है। कई जिलों में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने ज्ञापन भी दिया। विभिन्न सेवा संवर्गो के अधिकारी कर्मचारी, एडवोकेट्स, आदि सभी आज कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। पीएचईडी यूनियन, एकीकृत कर्मचारी संघ, राजस्व कर्मचारी, अधिकारी, सचिवालय कर्मचारी अधिकारी संघ, लेख सेवा, जीएसटी संघ, पटवारी कर्मचारी कानूनगो संघ, राजस्थान के सभी अधिकारी-कर्मचारी संघ लामबंद, आईएएस एसोसिएशन का घटना के विरोध में समर्थन दिया।

# आई.आई.टी.एफ.-2024, नई दिल्ली के प्रगति मैदान में राजस्थान पवेलियन मुख्य सचिव सुधांश पंत ने किया का उद्घाटन

चमकता राजस्थान



जयपुर!(खलील कुरैशी) 14 नबंवर। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बृहस्पतिवार को शुरू हुए चौदह दिवसीय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस बार की मेला थीम विकसित भारत @ 2047 के अनुरूप राजस्थान पवेलियन को नए रूप -रंग में तैयार किया गया है, जिसका उद्घाटन राजस्थान के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने किया।उद्घाटन के अवसर पर सुधांश पंत ने कहा कि इस बार की मेला थीम के अनुसार राजस्थान पवेलियन में राजस्थान की प्रगति, नवाचार और सांस्कृतिक विरासत को बखूबी दिखाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी महीने में राजस्थान में होने वाली ३राइजिंग राजस्थान समिट -2024' में निवेशकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी पवेलियन में विशेष व्यवस्थाएं की गई है जहां देश-विदेश से आए व्यापारियों और दर्शकों के लिए राजस्थान में निवेश के अवसरों को समझने और राजस्थान की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) के प्रबंध निदेशक श्री नागिक्य गौहिन ने बताया कि इस बार व्यापार मेले के राजस्थान पवैलियन में रीको, बीआईपी, उद्योग विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन विभाग के साथ-साथ रूढा और राजस्थली द्वारा अपने-अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया है। गौहिन ने दर्शकों से अपील करते हुए कहा कि राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध उत्पाद एक ही जगह पर दिल्लीवासियों और देश विदेश से आए दर्शकों के लिए उपलब्ध कराए गए इसलिए अधिक से अधिक राजस्थान पवैलियन का भ्रमण पर इस अवसर का फायदा लेना चाहिए।राजस्थान पवेलियन के निदेशक दिनेश सेठी ने बताया कि पवैलियन में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से भाग लेने आए उद्यमियों और हुनरमंद कलाकारों की लगभग 23 स्टालों का प्रदर्शन किया गया है जिसमें राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों में विशेष रूप से लाख की चूड़ियां, महिलाओं के श्रृंगार के विविध आइटम्स, टेक्सटाइल के समान, रजाइयों के साथ ही राजस्थानी खान–पान स्टॉल भी लगाए गए हैं। पवेलियन में राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा विशेष रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों और कार्यकलापों का विशेष प्रदर्शन किया गया है जिससे दर्शकों का उत्साहवर्धन हो रहा है।

● **18 नवंबर को होगा राजस्थान दिवस**

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 नवंबर को राजस्थान दिवस मनाया जाएगा जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा जहां विश्व प्रसिद्ध राजस्थानी कलाकार अपने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

## एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में भ्रष्टाचारी बड़े मगरमच्छों पर जा रहा कानूनी शिकंजा

चमकता राजस्थान

● **अलवर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का अधिशासी अभियंता, सहायक लेखाधिकारी एवं उनका प्राईवेट सहायक 1 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार**

जयपुर!(खलील कुरैशी) 14 नवम्बर, गुरूवार । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अनुसंधान इकाई (एस.आई.यू.), जयपुर द्वारा आज अलवर में कार्यवाही करते हुये जगन लाल मीणा अधिशासी अभियंता, सीताराम जाटव सहायक लेखाधिकारी एवं जयनारायण शर्मा प्राईवेट सहायक कार्यालय अधिशासी अभियंता,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, अलवर को परिवादी से 1 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान इकाई (एस.आई.यू.), जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके द्वारा करवाये गये निर्माण कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में आरोपीगण जगन लाल मीणा अधिशासी अभियंता, सीताराम जाटव सहायक लेखाधिकारी एवं जयनारायण शर्मा प्राईवेट सहायक कार्यालय अधिशासी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, अलवर एवं अन्य द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर-द्वितीय उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी के सुपरवीजन में एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई (एस. आई.यू.), जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक सज्जन कुमार एवं उनकी टीम द्वारा अलवर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपीगण जगन लाल मीणा अधिशासी अभियंता को 50 हजार रुपये एवं जयनारायण शर्मा प्राईवेट सहायक कार्यालय अधिशासी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, अलवर को परिवादी से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। मामले में संलिप्तता के आधार पर आरोपी सीताराम जाटव सहायक लेखाधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में मांग सत्यापन के दौरान संदिग्ध पवन जैन बी.सी.एम.ओ. अजय जोरवाल सहायक अभियंता एवं रामवतार प्राईवेट सहायक चि. एवं स्वा. विभाग, जिला दौसा की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है, जिसके संबंध में विस्तृत अनुसंधान किया जायेगा।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## भागीरथ चौधरी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए अजमेर से अयोध्या तीर्थयात्रा ट्रेन को झंडी दिखाकर किया

● **आराध्य देव की उपासना और सनातन संस्कृति की सुरक्षा- बढ़ावा ही प्राथमिकता :- केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी**




**चमकता राजस्थान। जयपुर/अजमेर!( खलील कुरैशी)** 14 नवंबर 2024केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी गुरुवार को अजमेर रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने अयोध्या के लिए रवाना हो रही तीर्थ यात्रा के तहत 'भारत गौरव ट्रेन' को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को सनातन धर्म के प्रमुख सांस्कृतिक स्थलों का दर्शन करवाना है।अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील है। इस यात्रा योजना के माध्यम से राज्य सरकार ने न केवल वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया है, बल्कि सनातन धर्म के प्रमुख सांस्कृतिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने का कार्य भी किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की यह तीर्थ यात्रा उनके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी।

अयोध्या में खत्म हुआ 500 सालों का संघर्ष : केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने उपस्थित तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तीर्थ यात्रा उनके लिए एक यादगार अनुभव होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रभु श्रीराम के दर्शन से तीर्थ यात्री आत्मिक शांति का अनुभव करेंगे। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मक प्रयासों और ऐतिहासिक पहल के कारण ही देश में 500 सालों का संघर्ष खत्म हुआ और अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्मित हुआ। इस दौरान अजमेर के स्थानीय जन प्रतिनिधि, रेलवे सहित देवस्थान विभाग के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता और तीर्थ यात्री उपस्थित रहे।

## अजमेर शहर कांग्रेस द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वः पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई

चमकता राजस्थान

**पंडित जवाहरलाल नेहरू की दुर्गामी सोच से ही आधुनिक और विकसित भारत का सपना हुआ सच :- महेंद्र सिंह रलावता**

**जयपुर /अजमेर! (खलील कुरैशी)** दिनांक 14 नवंबर को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वः पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जयंती कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में जेएलएन सर्कल स्थित नेहरू जी की प्रतिमा पर पुंष्पाजली अर्पित कर मनाई गई कांग्रेसजनोद्वारास्व.पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कांग्रेस जनो नें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए नेहरू जी को याद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह रलावता ने कहा की स्व.नेहरू जी ने राष्ट्र के विकास में महती भूमिका निभाई, वे देश की आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री बने थे, पंडित नेहरू के सामने राष्ट्र को एकजुट करने कि चुनौतियां थी, जिसे उन्होंने सहयोगियों के साथ मिलकर राष्ट्र के उत्थान के साथ ही आधुनिक भारत के निर्माण में तथापंचशील का सिद्धांत लागू करके विश्व शांति की पहल की थी। हमें नेहरूजी से प्रेरणा लेकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर बल देना चाहिए।रलावता ने कहा कि देश में पहली बार किसानों के लिए बड़ी जल परियोजनाएं लागू करने के साथ ही औद्योगिकरण की दिशा में नेहरू जी के योगदान के कारण ही आज देश 21वीं सदी में प्रवेश पर पाया है। नेहरू जी एक परिपक्व लेखक भी रहे है उनकी कृति डिस्कवरी आफ इंडिया विश्व की ख्याति प्राप्त सन्दर्भ साहित्य में अग्रणी है।

● **ये कांग्रेसजन रहे मौजूद**

जयंती कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस जनो में रामचंद्र चौधरी, डॉ गोपाल बाहेती, द्रौपदी कोली,प्रताप यादव, विपिन बेसिल, अंकुर त्यागी, श्याम प्रजापति, शिवकुमार बंसल, कैलाश कोमल, निर्मल बेरवाल, मोहित मल्होत्रा, देशराज मेहरा, वाहीद मोहम्मद, चंदन सिंह, लक्ष्मी धोलखेड़िया, आरिफ हुसैन, गजेंद्र सिंह रलावता, कपिल सारस्वत शिवराज भड़ाना, मनीष चौरसिया, अशोक बिंदल, ईश्वर टहल्यानी, लक्ष्मी बुंदेल, राजेंद्र वर्मा, आलोक गुप्ता भोमराज गुर्जर, महेंद्र कटारिया, अंकित घारु, अशोक सुकरिया, जूलियस क्लेमेंट, जयशंकर चौधरी, शमसुद्दीन, राजकुमार चौरसिया, अहमद हुसैन, मीनाक्षी यादव, राजकुमार गर्ग, दीपक यादव, राजीव कच्छावा, कमल बैरवा,गंगाराम तंवर, हरिप्रसाद जाटव,धर्मेंद्र नगवाल सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे!

# प्रतापगढ़ जिले की पारसोला पुलिस की कार्रवाई: बुजुर्ग की हत्या के सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

## सिंचाई के पानी के विवाद में घर में घुसकर बुजुर्ग पर लाठी-सरियों से किया था हमला

चमकता राजस्थान



**जयपुर/प्रतापगढ़( खलील कुरैशी) 14 नवंबर।** जिले के पारसोला थाना क्षेत्र के आड़फला गांव में सिंचाई के पानी को लेकर हुए विवाद के बाद घर में घुसकर बुजुर्ग पर लाठी-सरियों से हमला कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि 11 नवंबर को आड़फला ओका निवासी दामला मीणा द्वारा रिपोर्ट दी गई की 7 नवंबर को उसकी सिंचाई के पानी की बात को लेकर गांव के ही लक्ष्मण, दशरथ व श्रवण पुत्र बिजिया मीणा से कहासुनी हुई थी। कहासुनी के चलते 9 नवंबर को तीनों और उसके परिवार की महिला-पुरुष हाथों में लाठी, पत्थर और सरिया लेकर उनके घर पर आए और आते ही हमारे हमला कर दिया। उसके पिता रामा मीणा ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ लाठी व सदियों से गम्भीर मारपीट की, जिससे उसके पिता अचेत होकर जमीन पर गिर गए। जिन्हें मरा समझ कर सभी आरोपी वहां से भाग गए। हम सभी परिजन पिता को लेकर पारसोला हॉस्पिटल पहुंचे, जहां से उन्हें उदयपुर रेफर किया गया। जिनकी आज के दौरान मौत हो गई।रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी बंसल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह व सीओ नानालाल सालवी के सुपरविजन एवं एसएचओ भेमजी गरासिया के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर लाश अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपी गई। अनुसंधान के दौरान आरोपियों की तलाश में दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### इन्हें किया गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने आरोपी दशरथ मीणा (30), लक्ष्मण मीणा (38) व श्रवण मीणा पुत्र बिजिया (25), पदमा मीणा (22) व थावरा मीणा पुत्र कालिया (25), कालिया मीणा पुत्र भगाना (55) एवं राजपाल मीणा पुत्र लक्ष्मण (19) निवासी आड हारामगरी थाना पारसोला को गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा सिद्दीकी की मौत हुई या नहीं... कंफर्म करने के लिए अस्पताल गया था शूटर, पुलिस की जांच में हुए बड़े खुलासे

**मुंबई/एजेंसी।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की कुछ ही दिनों पहले मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या का आरोप लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर लगा है। पुलिस इस केस में लगातार कार्रवाई कर रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सब के बीच बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटर शिव ने पुलिस के सामने बड़े खुलासे किए हैं। उसने खुलासा किया है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह उनकी मौत पर अपडेट लेने के लिए अस्पताल भी गया था।

- **आरोपी ने किया बड़ा खुलासा**

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में शूटर शिवकुमार गौतम फिलहाल मुंबई पुलिस की हिरासत में है। उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को कई बातें साफ होती नजर आ रही हैं। पूछताछ के बीच शिवकुमार गौतम ने मुंबई पुलिस को बताया की हत्या के बाद वह वहां से चला गया और अपना शर्ट बदलकर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचा था। यहां उसे कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसके बाद उसने ऑटो लिया और सीधा लीलावती अस्पताल भी पहुंचा था। आरोपी को वारदात की जगह पर कोई खबर नहीं मिल पा रही थी। इसलिए वह अपडेट पता करने अस्पताल पहुंचा था।

### विमान में बम की सूचना पर मचा हड़कंप, इमरजेंसी लैंडिंग करवाई, उड़ानें प्रभावित

**रायपुर/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरुवार को नागपुर से कोलकाता जा रहे एक विमान में बम की सूचना मिलने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।
खबरों के अनुसार, विमान में बम होनने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कारणों से रायपुर एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करने का निर्णय लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान को तुरंत खाली करवा लिया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं, इस घटना के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानें प्रभावित हुईं। सुरक्षा को लेकर विमान की जांच जारी है।

### पराली से निपटने के लिए पंजाब ने केंद्र के समक्ष रखा प्रस्ताव, उत्तर भारत के राज्यों में बायोमास पावर प्रोजेक्ट लगाने को कहा

**चंडीगढ़/एजेंसी।** पराली निस्तारण की दिशा में पंजाब सरकार ने केंद्र के समक्ष एक अहम प्रस्ताव रखा है। पंजाब ने उत्तर भारत के राज्यों में बायोमास पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए कहा है। इन बायोमास पावर प्रोजेक्ट के लिए पंजाब ने राज्यों को सब्सिडी देने की मांग भी की है। प्रति मेगावॉट अगर पांच करोड़ की सब्सिडी मिलती है तो राज्य सरकारें बायोमास पावर प्रोजेक्ट्स के जरिये पराली के निस्तारण की दिशा में अहम कदम उठा सकती हैं।
इस सुझाव को अगर एक्शन प्लान के रूप में उतारा जाता है तो इससे पराली निस्तारण में बड़े स्तर पर मदद मिलेगी। यह प्रस्ताव नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में रखा गया। पंजाब से इस अहम बैठक में बिजली एवं लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने हिस्सा लिया। इसके अलावा पंजाब ने बिजली की खरीद पर भारत के सौर ऊर्जा निगम को प्रति यूनिट दिए जाने वाले 7 पैसे के शुल्क को कम किए जाने की मांग की है, क्योंकि यह राज्यों के लिए एक बड़ा वित्तीय बोझ है। पंजाब ने तर्क देते हुए कहा कि कोयला उत्पादक राज्यों से पंजाब की दूरी अधिक होने के कारण परिवहन पर करोड़ों रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राहत, वक्फ बोर्ड मामले में कोर्ट ने दिया रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली/एजेंसी।** आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उनके खिलाफ दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। अदालत ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं है, इसलिए संज्ञान लेने से इनकार किया जाता है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आगे कहा कि अमानतुल्लाह खान को 1 लाख के जमानत बांड और इतनी ही राशि के एक जमानती पर न्यायिक हिरासत से तुरंत रिहा किया जाएगा।

# बाड़मेर जिले में थाना धनाउ, धोरीमना एवं डीएसटी की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/बाड़मेर!(खलील कुरैशी) 14 नवंबर। जिला स्पेशल टीम ने थाना धनाउ एवं धोरीमना के साथ अलग-अलग कार्रवाई में कुल 110.92 ग्राम स्मैक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से मादक पदार्थ स्मैक सहित घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो, बिक्री रकम 24210 नगद, दो इलेक्ट्रिक कांटे एवं तीन मोबाइल जप्त किए हैं।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना पुलिस एवं डीएसटी को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सीओ सुखा राम बिश्नोई के नेतृत्व में एसएचओ धोरीमना बगड़ू राम मय टीम द्वारा डीएसटी प्रभारी हनुमान राम की सूचना पर





विष्णु नगर में आरोपी सुनील कुमार विश्नोई पुत्र जय किशन निवासी कुम्हारों की बेरी कोजा के मकान में दबिश दी गई। एक कमरे में बिस्तरों के नीचे छुपा कर रखी हुई 69 ग्राम 48 मिलीग्राम

### करीब 111 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो, बिक्री रकम 24210 रुपए नगद जप्त

स्मैक, स्मैक बिक्री से प्राप्त 24210 रुपये नगद, दो इलेक्ट्रिक कांटे एवं इस काम में उपयोग में लिए जाने वाले तीन मोबाइल बरामद कर आरोपी सुनील कुमार विश्नोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पुलिस स्मैक की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।
एसपी मीना ने बताया कि इसी प्रकार सीओ जीवनलाल खत्री के सुपरविजन एवं एसएचओ धनाउ गोविंदराम के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमराराम मय टीम एवं डीएसटी प्रभारी हनुमान राम मय टीम द्वारा जाखड़ों का तला गांव के पास एक सन्दिग्ध बोलेरो गाड़ी को रुकवाया गया। बोलेरो में सवार चालक रसूल खान पुत्र इमाम खान (48) निवासी भोजारिया थाना बीजराड़ के पास से 42 ग्राम 44 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई।आरोपी के पास से मिली स्मैक एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो जप्त कर पुलिस ने आरोपी चालक रसूल खान और उसके साथी भभूता राम बिश्नोई पुत्र किशना राम (29) निवासी चौहटन आगौर थाना चौहटन को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से पुलिस अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा : आचार्य धीरेंद्र शास्त्री



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम पर सालासार बालाजी धाम गौशाला और विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 1394वीं रामकथा के आठवें दिन बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कथा स्थल पहुंचे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र के जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा- आज हमारे बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि हमें अपने नेत्रों से उन महापुरुष के दर्शन हो रहे है जो सिंह की तरह गर्जना करके सनातन धर्म के पताका को पूरे विश्व में लह- रा रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हम प्रायः कम रो पाते हैं। हमारी आंखों में आंसू इसलिए नहीं आ पाते क्योंकि हमें कश्मीरी पंडितों का दर्द चमत्कार है। हमारे गुरदेव भगवान के दिखाई पड़ता। बांग्लादेशी हिंदुओं का दर्द दिखाई पड़ता। नूंह मेवात बहराईच, मणिपुर की घटनाओं का दर्द दिखाई पड़ता। इसलिए हमारी आंखों में आंसूओं से ज्यादा उन धर्म विरोधीओं को बखेरने के लिए खून खौलता रहता है। उन्होंने कहा- बड़े बड़े धर्मविरोधी कहते थे तुम्हारे सनातन धर्म में क्या है। हमसे बहुत लोग पूछते है बाबा चमत्कार क्या है। लेकिन अब हम भी बहुत होशियार हो गए है हम भी उनसे कह देते है पहले हमारे गुरु जी से तो निपट लो। हमारे गुरदेव भगवान के चमत्कार ही हमारा विद्या का प्रभाव ऐसा पड़ा कि भारत के कोने-कोने का हिंदू जाग रहा है। हम तो आप सबके दर्शन करने आए है। अभी मैं भीलवाड़ा में भी कथा करके गया। वहां तीन लाख लोगों ने आकर कथा सुनी। धन्य है जयपुर जहां गोविंद देवजी है। धन्य है राजस्थान जहां सालासर बालाजी है, मेंहदीपुर बालाजी है। धन्य है जयपुर के निवासी जो हमेशा सनातन धर्म के लिए आयोजन करवाते रहते है। लेकिन बुरा मत मानना एक बात कह रहा हूं। अब हम सबको घर से बाहर निकलना पड़ेगा। आवाज को मुखर करना पड़ेगा। पहले लोग खुद को हिंदू कहने में डरते थे। डरते थे कि कहीं धर्मविरोधी उपद्रव न कर देवे। मार न डाले। अब हम लोगों को हिंदूओं का न जगाना है न बचाना है। अब तो नया नारा देना है 'छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा'। तभी काम चलेगा।तथाकथित शंकराचार्य ने धारा 370 को फिर से लागू करने की मांग की धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर कटाक्ष करते हुए कहा- हमें तो यह पता था कि विदेशी ताकते धर्मविरोधी होती है। वर्तमान में धर्म विरोधी ताकतें हमारे देश में ही है। कुछ तो ऐसे भी धर्मविरोधी है जो राष्ट्रद्रोही है। राष्ट्र के खिलाफ बातें करते रहते है। उन्हें संत कहे कि क्या कहे। एक तथाकथित शंकराचार्य है। वो कहते है धारा 370 को फिर से लागू किया जाए। मतलब वो भारत को पाकिस्तान बनवाना चाह रहे है। हम स्पष्ट रूप से कह रहे है भारत को भारत रहने दिया जाए।

# एसडीएम को थप्पड़ मारने वाला नरेश मीणा गिरफ्तार, टोंक में बवाल जारी

### उपद्रवियों ने कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त की, किरोड़ीलाल मीणा ने करी समझाईश





### पुलिसकर्मियों-मीडियाकर्मियों इसपर हमला चार एफआईआर दर्ज, 60 लोग गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

टोंक। विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मोणा द्वारा एरिया मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के थप्पड़ मारने के बाद से टॉक में बवाल जारी है। बुधवार रात को हिंसा व आगजनी के बाद गुरुवार सुबह उप्त समय फिर भीड़ हिंसक हो गई जब पुलिस ने समरावता से नरेश मीणा को गिरफ्तार कर टोंक ले जाने लगी। इस दौरान भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों पर हमला बोल दिया, जिनमें कई पुलिसकर्मियों के चोटें आई। उपद्रवियों हो ने पुलिस की गाड़ियां तोड़ दी। कई जगह नरेश मीणा को ले जा रही पुलिस के बज्र बाहन को रोकने की कोशिश की गई, मगर पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते गई हुए मीणा को घर गिरफार कर टोंक के कि- सी पुलिस थाने में ले गई। देर शाम उसको जयपुर भेजे जाने की सूचना है। वहीं इस प्रकरण में पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज की गई है और 80 लोगों को गिरफ्तार किया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जोर्ज जोसफ का कहना है कि नरेश मीणा जयपुर पुलिस की कस्टडी में नहीं है। टोंक में बीते 24 घंटे से मचे बवाल के बाद राज्य सरकार ने कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को समरावता भेजा। इस दौरान किरोड़ी ने पहले रास्ते में उपद्रव कर रहे युवाओं को भगाया उसके बाद खुद घटनावाले गांव पहुंचे और पीड़ितों व ग्रामिणों की समस्या सुनी। इस दौरान किरोड़ी ने सबको शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होने कहा है जिसने गलती की है भुगतेगा चाहे प्रशासन हो या आप में से कोई। किरोड़ी की समझाइस के बाद देर शाम बैंक में हालात कुछ जगह सामान्य हुए मगर सोशल मीडिया पर कई जगह के बीड़ियों के कारण तनाव बना हुआ है। हालांकि टोंक कलक्टर ने संवदेनशील जगह इंटरनेट बंद कराया था मगर तब तक पूरा बवाल मच चुका था। टॉक में दो तीन जगह हाईवे पर पथराव व आगजनी की घटनाएं हुई कारित

## अखंड रामायण एवं हवन पूजा तथा 1100 महिलाओं की निकलेगी विशाल कलश यात्रा

# शेखावाटी के लाल ने सपने को बनाया हकीकत! 5वें स्थापना दिवस पर होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम

### सूर्य नारायण सेवा फाउंडेशन वर्धा आश्रम के 5 वर्ष पूर्ण होने पर संत महात्माओं का होगा समागमे

**चमकता राजस्थान**

जयपुर (खलील कुरैशी) शेखावाटी, सीकर के ग्रामीण धोरों से निकला एक ऐसा गुदड़ी का लाल जिसने वर्षों पहले अपने मन में संजोए एक उद्देश्य को साकार करने के लिए तन, मन, धन, तीनों रूप से प्रतिबद्ध होने का कार्य कियो बता दें कि उनका उद्देश्य कुछ और नहीं बल्कि ऐसे वर्धजन जिनकी औलादों ने उनको बोझ समझकर उन्हें बेघर कर दिया या उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर दिया उन ऐसे लावारिस वृद्धजनों को अच्छा जीवन देने के लिए लिए व उनकी सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए अपने जीवन की सारी पूंजी को इस सपने को पूरा



हकीकत में तब्दील करने के लिए समर्पित कर दिया` बता दें कि वह और कोई नहीं, बल्कि सूर्य नारायण सेवा फाउंडेशन वृद्ध आश्रम के संस्थापक भवानी सिंह शेखावत है इस बात का जिक्र इसलिए किया जा रहा है कि आगामी 29-30 नवंबर को समाजसेवी भवानी सिंह के मन के ख्वाब को पूरे 5 वर्ष हो जाएंगे कहने का तात्पर्य यह है कि सूर्य नारायण सेवा फाउंडेशन वृद्धाश्रम को पूरे 5 वर्ष हो जाएंगे और इसी कड़ी में भवानी सिंह शेखावत वृद्धाश्रम के पांचवें स्थापना दिवस को पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ बड़े रूप से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे और उसके लिए बुधवार को सूर्यनारायण सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए गणेश निमंत्रण कर पहले चावल कर गणेश जी को निमंत्रण दिया गयो सूर्य नारायण सेवा फाउंडेशन के पांचवें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूची व विधिवत गणेश पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ कियो जिसमें उपस्थित संस्थापक भवानी सिंह बलदेव सिंह सुमन कंवर सुनीता कंवर कमलेश कंवर कमोद कंवर सीमा राकेश शर्मा अजीत सिंह चौहान अनिल कुमार शर्मा समिता चौधरी सुरेंद्र सिंह जी राठौड़ और भी फाउंडेशन के प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे।

### 29 और 30 नवंबर को होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम

» शुक्रवार 29 नवंबर को अखंड रामायण एवं हवन पूजा का कार्यक्रम आयोजित होगा उसके बाद दूसरे दिन 30 नवंबर को 1100 महिलाओं की विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी और फिर उसी दिन शनिवार को हवन पूजन व बाबा श्याम का जागरण किया जाएगोउसके तत्पश्चात हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा में भोजन प्रसादी का होगी

### हाथोज बालाजी धाम के आचार्य श्री श्री 1008 बालमुकुंदाचार्य रहेंगे मौजूद

सूर्य नारायण सेवा फाउंडेशन वृद्धाश्रम का पांचवा स्थापना दिवस कार्यक्रम में साधु संतों का समागम रहेगो जिसमें हातोज बालाजी धाम के श्री 1008 बाल मुकंदाचार्य महाराज व राम कुटिया मंदिर के श्री श्री 1008 श्री कृष्ण दास जी महाराज उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### लंका टी-10 सुपर लीग 2024 की शुरूआत 11 दिसंबर को होगी

**कोलंबो।** लंका टी-10 सुपर लीग के पहले संस्करण की शुरूआत 11 दिसंबर को कैंडी में होगी। पहला मैच जाफना टाइटन्स और हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स के बीच होगा। प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी जाफना टाइटन्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स, कोलंबो जगुआर, नुवारा एलिया किंग्स, कैंडी बोल्ट्स और टीम गाले मार्वल्स राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच 18 दिसंबर को खेले जाएंगे। टीम 1 क्वालीफायर 1 में टीम 2 से भिड़ेगी, टीम 3 एलिमिनेटर मैच में टीम 4 का सामना करेगी, जबकि क्वालीफायर 2 में क्वालीफायर 1 की उपविजेता टीम एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। खिताबी मुकाबला क्वालीफायर 1 के विजेता और क्वालीफायर 2 के विजेता के बीच 19 दिसंबर को खेला जाएगा और उसके बाद समापन समारोह होगा।

### सीनियर नेशनल फुटबाल चैंपिनशिप संतोष ट्राफी केलिए मोहम्मद अहद का चयन



**मुरादाबाद।** जिला फुटबाल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने गुरुवार को बताया कि 28 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित प्रशिक्षण शिविर के उपरांत उत्तर प्रदेश की सीनियर नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप संतोष ट्राफी के लिए मुरादाबाद के उभरते खिलाड़ी मोहम्मद अहद का चयन हुआ। मोहम्मद नासिर ने बताया कि इसके लिए 22 सदस्यीय टीम चयनित की गई थी, जिसमें मोहम्मद अहद का नाम भी शामिल है। चयनित टीम आज ही आगरा से हावड़ा के लिए रवाना हों गई। इस अवसर पर जिला फुटबाल एसोसिएशन संभल के सचिव सैय्यद शारीक हुसैन, फैजी अब्बास, उस्मान खान, नावेद सिद्दीकी, अरकान अहमद, आमिर मिर्जा, सुरेंद्रपाल सिंह, माधुरी देवी, मोहम्मद फहीम ने मोहम्मद अहद को मुबारकबाद दी।

### भारतीय सेना ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन



**राजौरी।** भारतीय सेना ने राजौरी जिले में पीर पंजाल रेंज के दक्षिण में एक सुदूर क्षेत्र गब्बर में एक अंतर-ग्राम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह आयोजन ऑपरेशन सद्भावना का हिस्सा था जो सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में एकता और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक आउटरीच कार्यक्रम है। आस-पास के कई गांवों के युवा क्रिकेट प्रेमियों ने इसमें भाग लिया। जोश के साथ प्रतिस्पर्धा की और मैदान पर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट ने अपने मनोरंजक आकर्षण के अलावा टीमवर्क, खेल भावना और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा दिया खासकर उन क्षेत्रों में जहां संगठित खेलों तक सीमित पहुंच है। टूर्नामेंट ने स्थानीय युवाओं को एक मंच प्रदान किया जहां वे भारतीय सेना के सहायक मार्गदर्शन में मैच आयोजित करके अपनी प्रतिभा को व्यक्त कर सकते हैं। राजौरी जैसे क्षेत्रों में ऐसी पहल महत्वपूर्ण है जहां सीमित बुनियादी ढांचे और मनोरंजक सुविधाओं का मतलब युवाओं के जुड़ाव के कम अवसर हैं। क्रिकेट टूर्नामेंट ने युवा खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का मौका दिया। स्थानीय नेताओं ने भारतीय सेना की पहल की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि ये सामुदायिक-उन्मुख कार्यक्रम न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं।

# रोमांचक मुकाबले में भारत ने 11 रन से दक्षिण अफ्रीका को हराया

## भारत ने श्रृंखला में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

**सेंचुरियन। एजेंसी**



चार टी20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से पटखनी दी है। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत की इस जीत में मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा की बेहतरीन बल्लेबाजी मुख्य कारक रहीं, जिन्होंने 51 गेंदों में अपना पहला शतक लगाया। भारत की तरफ से मिले 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने गजब का जज्बा दिखाया लेकिन लक्ष्य को हासिल नहीं कर सके। मेजबान टीम के लिए हेनरी क्लासेन ने 41 रन, कप्तान एडन मार्कराम ने 29 रन, रेजा हेंड्रिक्स ने 21 रन और रयान रिकल्टन ने 20 रन की पारी खेली।

हालांकि आखिर के ओवर में मार्को यानसन ने धुंआधार शॉट लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। यानसन ने 17 गेंदों में 54 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोलकर सिर्फ 208 रन ही बना सकी और उसे 11 रनों से हार झेलनी पड़ी। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन और वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, एक बार फिर टॉस हारकर भारतीय टीम ने बल्लेबाजी की और 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हालांकि टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन बिना खाता खोले पारी की दूसरी ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और तेज गति से रन से भी बनाए। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक 25 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक रन बनाकर जल्दी ही पवेलियन लौट गए।

### लुंगी एनगिडी श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से बाहर

**जोहानसबर्ग। एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कमर की चोट के कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रिका (सीएसए) ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। सीएसए ने बयान जारी कर बताया कि प्रोटियाज पुरुष टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कमर की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल ही में अपनी संरचित कंडीशनिंग अवधि के हिस्से के रूप में एक चिकित्सा मूल्यांकन किया, जिसके दौरान स्कैन से द्विपक्षीय प्रॉक्सिमल एडक्टर टेंडिनोपैथी का पता चला। अब वह एक पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। उनके जनवरी में खेलने के लिए वापस आने की उम्मीद है। सीएसए ने बयान में यह भी बताया कि टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा अपनी बायीं कोहनी की चोट से उबरने में सकारात्मक प्रगति कर रहे हैं और 18 नवंबर को फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिससे यह पता चल सकेगा कि 27 नवंबर को डरबन में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता क्या है। दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू हो रही है। श्रीलंका के बाद पाकिस्तान की टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे पर आएगी।

### खो-खो चैंपियनशिप का समापन




**पुंछ।** जिला खो-खो एसोसिएशन पुंछ द्वारा आयोजित दो दिवसीय ओपन जिला खो-खो चैंपियनशिप (पुरुष-महिला) 2024-25 का गुरूवार को यहां दीना नाथ रफीक मेमोरियल मॉडल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स (शीश महल) में समापन हुआ। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर विकास कुंडल मुख्य अतिथि थे। खो-खो चैंपियनशिप में विभिन्न संस्थानों, निजी क्लबों और हायर सेकेंडरी स्कूलों की 11 टीमों ने भाग लिया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और मैचों को देखने के लिए छात्रों की अच्छी भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों एवं युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने की सलाह दी। उन्होंने जिला स्तर पर इतने बड़े टूनार्मेंट के आयोजन के लिए खो-खो एसोसिएशन पुंछ को शुभकामनाएं दीं। महिला वर्ग में मलिक क्लब बनाम शीश महल क्लब के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में मलिक खो-खो क्लब ने शीश महल क्लब को हराकर जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में मलिक क्लब ने पुरानी पुंछ क्लब को हराकर विजेता बना। बाद में मुख्य अतिथि ने प्रिंसिपल दीना नाथ रफीक मेमोरियल मॉडल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स पुंछ के साथ मिलकर स्टाफ सदस्यों की मौजूदगी में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## हिमाचल ने पहली पारी में बनाया 436 रनों का स्कोर

**धर्मशाला। एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला स्टेडियम में चल रहे रणजी एलीट ग्रुप बी के मैच में हिमाचल ने मैच पर अपनो पकड़ मजबूत कर ली है। वीरवार को मैच के दूसरे दिन हिमाचल ने पहली पारी नौ विकेट पर 436 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। जिसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी मेहमान टीम पुड्डुचेरी ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 59 रन बना लिए हैं। बाबजूद इसके पुड्डुचेरी की टीम अभी भी 292 रन से पिछड़ रही है।

पुड्डुचेरी के ओपनर गंगा श्रीधर राजू 35 रनों पर नाबाद हैं जबकि तीसरे नम्बर पर बल्लेबाजी के लिए आये अमन हकीम खान 24 रनों पर क्रीज में हैं। इससे पूर्व ओपनर बल्लेबाज अजय रोहेड़ा पहली ही गेंद पर शून्य के स्कोर पर हिमाचल के कप्तान ऋषि धवन का शिकार बने। उधर इससे पूर्व आज हिमाचल ने अंकित कलसी के शानदार शतक की बदौलत नौ विकेट पर 436 रनों पर पारी घोषित कर दी। हिमाचल की ओर से ओपनर शुभम अरोड़ा ने 58 जबकि मयंक डागर ने 42 रनों के योगदान दिया। गेंदबाजी में पुड्डुचेरी की ओर से गौरव यादव ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। जबकि अंकित शर्मा को दो और अमन हकीम तथा कप्तान सागर को एक-एक विकेट मिला। मैच के पहले दिन बुधवार को हिमाचल ने टॉस जीतकर पुड्डुचेरी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था लेकिन पुडुचेरी की पूरी टीम 34 ओवर में महज 85 रनों पर ऑल आउट हो गई थी।



## सेंचुरियन में खेले गए तीसरे टी-20 में तिलक वर्मा को नंबर 3 पर बल्लेबाजी का मिला मौका

**सेंचुरियन। एजेंसी**

भारतीय टीम ने सेंचुरियन में खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रिका को 11 रन से हराया। इस मैच में जीत के हीरो युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टी-20 में अपना पहला शतक जड़ा। तिलक मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और 56 गेंदों में 107 रन की नाबाद पारी खेली।

तिलक नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने क्यों आएं, इसका खुलासा मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने किया। इससे पहले हुए दोनों मैचों में कप्तान सूर्यकुमार यादव नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए थे, लेकिन सेंचुरियन में उन्होंने तिलक वर्मा को बल्लेबाजी के लिए मौका दिया। मैच के बाद सूर्या ने इसके पीछे की वजह बताई। तिलक वर्मा के बारे में बात करते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वो मेरे कमरे आया।



उसने मुझसे कहा कि मुझे नंबर 3 पर मौका दें, मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैंने कहा कि जाओ और खुद को एक्सप्रेस करो। मुकाबले में तिलक ने ऐसा ही किया। मैं उनके और उनके परिवार के लिए बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि हमने टीम मीटिंग में जिस बारे में बात की थी, हमने उसी ब्रांड का क्रिकेट खेला। हम खिलाड़ियों से यही करने के लिए कहते रहे हैं जो वे फ्रैंचाइजी के लिए करते हैं, जो नेट्स में करते हैं। जिस तरह से चीजें चल रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं। बीती रात खेले गए चार टी-20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से हराया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी की टीम 7 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच श्रृंखला का अंतिम मैच 15 नवंबर को खेला जाएगा।

> ● भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जवाब में दक्षिण अफ्रीकी की टीम 7 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी

### बीसीसीआई महिला टी-20 चेलेंजर ट्राफी के लिए हिमाचल की चार क्रिकेटर का चयन



**धर्मशाला। एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट ऐसोसिएशन की चार महिला क्रिकेटरों का बीसीसीआई की ओर से आयोजित की जाने वाली महिला टी-20 चेलेंजर ट्राफी के लिए चयन हुआ है। चयनित महिला क्रिकेटर में हरलीन देयोल को कप्तान बनाकर टीम ए का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा टीम-बी में सोनल ठाकुर व निकिता चौहान और टीम-सी में यमुना राणा को शामिल किया गया है। चेलेंजर ट्राफी का आयोजन रांची में 17 से 27 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें लीग मुकाबलों का आयोजन 17 से 25 नवंबर तक किया जाएगा, जिसमें चार टीमें ए, बी, सी और डी आपस में टकराएंगी। इसके बाद सेमीफाईनल में विजेता रहने वाली टीमों में 27 नवंबर को फाईनल मुकाबला खेला जाएगा। उधर, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट ऐसोसिएशन एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि राज्य की चार महिला क्रिकेटर का चेलेंजर ट्राफी में चयन होना गर्व के पल हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई है।

## व्यापार

## शुरुआती तेजी के बाद शेयर बाजार पर बढ़ा दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली। एजेंसी**


घरेलू शेयर बाजार में पहले सत्र में उतार-चढ़ाव के बीच दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत भी मामूली गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रिकवरी करके हरे निशान में जगह बना ली, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने वापस लाल निशान में गोता लगा दिया। दिन के पहले सत्र का कारोबार खत्म होने तक यानी दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से



आयशर मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, एचडीएफसी लाइफ और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 7.06 प्रतिशत से लेकर 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, श्री राम फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 1.93 प्रतिशत से लेकर 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,433 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,507 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 926 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी मामूली तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। पूरे सत्र में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद वॉल स्ट्रीट के सूचकांक सपाट स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 5,985.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,237.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 43,963.40 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 8,030.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## एफएंडओ सेंगमेंट में 45 नए शेयर शामिल सेबी द्वारा तय प्रकिया के तहत हुआ चयन

**नई दिल्ली। एजेंसी**

फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग सेगमेंट में 45 नए शेयरों को एनएसई की हरी झंडी के बाद एंट्री मिल गई है। ये शेयर इसी महीने 29 तारीख से फ्यूचर एंड ऑप्शंस कांट्रैक्ट्स के तहत ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध रहेंगे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की तरफ से 30 अगस्त को जारी सर्कुलर के तहत निर्धारित की गई चयन प्रक्रिया के आधार पर इन 45 कंपनियों के शेयरों को फ्यूचर एंड ऑप्शंस कांट्रैक्ट्स के तहत ट्रेडिंग के लिए चुना है। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग सेगमेंट फिलहाल 190 शेयरों में ट्रेडिंग होती है। इनमें एक या दो कंपनी के शेयर यदा-कदा अंदर या बाहर होते रहते हैं। पहली बार इस सेगमेंट में कुल संख्या का



लगभग 25 प्रतिशत यानी 45 नए शेयरों को एक साथ जोड़ा गया है। जानकारों के मुताबिक किसी भी शेयर के फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग सेगमेंट में आने से उसकी पार्टिसिपेशन बढ़ जाती है। खासकर, संस्थागत निवेशक किसी खास शेयर में कॉल ले सकते हैं। निवेशकों के लिए अच्छी बात ये है कि फ्यूचर एंड ऑप्शन की ट्रेडिंग आसान होती है। इसके साथ ही इसको हेज भी किया जा सकता है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग सेगमेंट में लाए जाने वाले शेयरों में अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड, एंजेल वन लिमिटेड, एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, अडाणी टोटल गैस लिमिटेड, बैंक ऑफ इंडिया, बीएसई लिमिटेड, कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, सीईएससी लिमिटेड, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड, सायंट लिमिटेड, डेल्हीवरी लिमिटेड, एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड, एचएफसीएल लिमिटेड, हुडको, इंडियन बैंक आदि कंपनियां के शेयर शामिल हैं।

## जोन 10 में अवैध कॉलोनियों की बाढ़, बेझिझक काटे जा रहे हैं भूखंड






# जयपुर कानोता रिंग रोड स्थित ग्राम बगराना में धड़ल्ले से हो रही हैं नवीन अवैध कॉलोनी 'श्याम विहार' की संरचना

### इकोलॉजिकल जोन में जेडीए प्रशासन की मूकदर्शिता से मिल रही है इन नवीन अवैध कॉलोनीयों को संजीवनी

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)!** इकोलॉजिकल जोन में आने वाले राजधानी के आगरा रोड परिक्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की बाढ़ सी आई हुई है. अवैध कॉलोनियों में तो जेडीए की नाक के नीचे बेरोकटोक भूखंड काटे जा ही रहे हैं,अब यही सिलसिला एक और अवैध कॉलोनी श्याम विहार में भी शुरू हो गया है. गुलाब कोठारी प्रकरण में हाईकोर्ट के सख्त आदेश हैं कि जयपुर शहर के पुराने मास्टर प्लान में जोइलाकाइकोलॉजिकल जोन में दर्शित है,वह इलाका आज लागू मास्टर प्लान में भी इकोलॉजिकल जोन ही माना जाएगा. इकोलॉजिकल जोन के नियमों के अनुसार वहां कॉलोनियां नहीं काटी जा सकती. इसके बावजूद हाईकोर्ट के तमाम आदेशों और नियम-कायदों को धत्ता बताते हुए बगराना और उससे सटते परिक्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की बाढ़ आई हुई है और इन्हें रोकने के लिए जिम्मेदार जेडीए की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने जानबूझकर आंखें बंद कर रखी हैं. जेडीए के प्रवर्तन अधिकारियों और भू कारोबारियों के इसी गठजोड़ के चलते इन दिनों एक और अवैध कॉलोनी दुर्गा रेजीडेंसी तेजी से फल-फूल रही है. आपको बताते हैं कि किस तरह अवैध रूप से इस कॉलोनी को विकसित किया जा रहा हैजयपुर तहसील के ग्राम बगराना के नाम से अवैध कॉलोनी काटी जा रही हैजिस जमीन पर यह कॉलोनी परवान चढ़ाई जा रही है- जमीन की खातेदारी निजी खसरा नं.77,78,85 और खसरा नंबर 616 सरकारी में श्रीरामपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति सोसायटी के बेकडेट में जारी आवंटन पत्रों के आधार पर कॉलोनी के अवैध भूखंड काटे जा रहे हैंश्रीरामपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति के दिए जा रहे हैंआवंटन जेडीए के बिना भूरूपांतरण,बिना ले आउट प्लान स्वीकृति के सरेआम यह कॉलोनी काटी जा रही है इकोलॉजिकल जोन में बेतरतीब और कानून व नियमों को दरकिनार करते हुए बसावट की तैयारी की जा रही हैऐसा नहीं है कि इस कॉलोनी पर जेडीए के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर नहीं है नजर ही नही बल्कि पूरीतरहसेनजर-ए-इनायत है इसी नजर-ए-इनायत के कारण ही बेरोकटोक धड़ल्ले से कॉलोनी में भूखंड काटने का काम चल रहा है.



## भू माफियाओं द्वारा निजी और सरकारी स्वामित्व की भूमि पर सृजित किया जा अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल

## खसरा नं ,77,78,85 निजी भूमि और सरकारी 616 स्वामित्व वाली जमीन पर बसाई जा रही है अवैध कॉलोनी श्याम विहार

## श्रीरामपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति सोसायटी क बैक डेट के पट्टों के आधार पर किया जा रहा बेचान

### इकोलॉजिकल जोन में काटी जा रही अवैध कॉलोनी, बैक डेट के पट्टों के आधार पर किया जा रहा बेचान

ऐसा ही एक मामला यहां काटी जा रही इकोलॉजिकल जोन में जयपुर तहसील के ग्राम बगराना गांव में निजी भूमि और सरकारी स्वामित्व के खबरें पर श्याम विहार के नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही है. इस कॉलोनी में श्रीरामपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति के बैक डेट में जारी पट्टों के आधार पर भूखंडों का बेचान किया जा रहा है. इस अवैध कॉलोनी के बारे में जेडीए और प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को भी जानकारी है, लेकिन वे भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं कृषि भूमि पर कॉलोनी बसाने के लिए चारों तरफ से जमीन को समतल किया जा चुका है यहां पेयजल लाइन डालने के लिए पाइप डाले दिये गये तीस व चालीस फीट सड़क के लिए मार्किंग कर आवागमन की सुविधा की जा चुकी है जेडीए से बिना स्वीकृति के बसाइ जा रही इस अवैध कॉलोनी में एक भी सार्वजनिक पार्क के लिए जमीन नहीं छोड़ी गई है कॉलोनी में किसी प्रकार की सीवरेज की भी व्यवस्था नहीं हैं मूलभूत सुविधाओं के नाम पर महज सड़क ही छोड़ी गई इकोलॉजिकल परिक्षेत्र में चर्चित इस अवैध कॉलोनी श्याम विहार लोगों को गुमराह कर भूखंडों का बेचान किया जा रहा है. यहां भूखंड बेचने का धंधा इस कदर जोरों पर है कि प्रोपर्टी डीलर्स ब्लॉक के ब्लॉक खरीद कर बेच रहे हैं. जबकि गुलाब कोठारी प्रकरण में दिए गए हाईकोर्ट के आदेश के अनुसारइकोलॉजिकल जोन में आवासीय व व्यावसायिक गतिविधियां नहीं की जा सकती हैं.- भू-कारोबारी और उनसे जुड़े प्रॉपर्टी डीलर्स लोगों को गुमराह करके अवैध कॉलोनी के भूखंड बेचने में लगे हुए हैं लोगों को यह नहीं बताया जा रहा है कि उक्त अवैध कॉलोनी की भूमि इकोलॉजिकल जोन में है-ईकोलॉजिकल जोन की कृषि भूमियों पर किसी भी तरह आवासीय व कॉमर्शियल गतिविधियों पर हाईकोर्ट की रोक है।

### इकोलॉजिकल जोन 10 में जेडीए प्रशासन की मूकदर्शिता से इन नवीन अवैध कॉलोनियों को मिल रही है संजीवनी

» इकोलॉजिकल परिक्षेत्र स्थित जोन 10 में अवैध आवासीय कॉलोनी और कमर्शियल भूखंडों के बेचान के मामले थम नहीं रहे हैं.भू कारोबारियों के साथ मिलकर इकोलॉजिकल जोन में अवैध तरीके से कॉलोनी बसाने में लगे हैं. लोगों को गुमराह करते हुए बैक डेट में जमीनों की खरीद–फरोख्त कर रहे हैं और उन गृह निर्माण सोसायटियों के पट्टे देकर भूखंड बेचने में लगे हैं, जिन सोसायटियों पर सरकार ने प्रशासक लगा रखे हैं या उनके पंजीयन निरस्त कर दिए हैं.लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण की मूकदर्शिता और उदासीनता के चलते इन नवीन अवैध कॉलोनियों की बसावट और संरचना को संजीवनी मिल रही है जिससे इकोलॉजिकल परिक्षेत्र में चारों ओर अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल सा बिछ चुका है जो आने वाले समय में बहुत ही विकट स्थिति उत्पन्न कर सकता है

## संक्षिप्त समाचार

### रिलायंस और डिज्नी के बीच ज्वाइंट वेंचर के लिए लेनदेन पूरा

- **रिलायंस ने संयुक्त उद्यम में 11,500 करोड़ का निवेश किया**




**चमकता राजस्थान। मुंबई/बरबैंक, कैलिफ़ोर्निया।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), वायाकॉम 18 और द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी ने गुरुवार को घोषणा की कि वायाकॉम 18 के मीडिया और जियोसिनेमा व्यवसायों का स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में विलय पूरा हो गया है। एनसीएलटी मुंबई, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और अन्य नियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदन के बाद यह घोषणा की गई। इसके अलावा रिलायंस ने ज्वाइंट वेंचर में 11,500 रुपए करोड़ का निवेश किया है। ज्वाइंट वेंचर ने वायाकॉम 18 और आरआईएल को शेयर आवंटित कर दिए हैं।

इस लेन-देन में जेवी का मूल्य पोस्ट-मनी आधार पर 70,352 रुपए करोड़ माना गया है। संयुक्त उद्यम पर आरआईएल का नियंत्रण रहेगा। इसमें आरआईएल का 16.34 फीसदी, वायकॉम 18 का 46.82 फीसदी और डिज्नी का 36.84 फीसदी हिस्सा होगा। नीता एम. अंबानी संयुक्त उद्यम की अध्यक्ष होंगी, जबकि रणनीतिक मार्गदर्शन के लिए उदय शंकर को संयुक्त उद्यम का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश डी. अंबानी ने कहा, ''इस ज्वाइंट वेंचर के गठन के साथ, भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग एक परिवर्तनकारी युग में प्रवेश कर रहा है। डिज्नी के साथ संबंधों के अलावा हमारी गहरी रचनात्मक विशेषज्ञता और भारतीय उपभोक्ता की हमारी बेजोड़ समझ भारतीय दर्शकों के लिए किफायती कीमतों पर बेजोड़ कंटेंट सुनिश्चित करेगी।''

# बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर -05 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम

चमकता राजस्थान



**अलवर।** राजस्थान में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 1-एसआर -14' और 'श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 ' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है।

श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वा-रा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर -05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना बड़ा, कठोर और चमकदार है, साथ ही इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। और सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। भीलवाड़ा के ऐसे ही एक अनुभवी किसान मनीष सुखवाल ने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 गेहूं बीज की बुवाई की थी। उनका कहना है कि इसमें मज़बूत तना, गहरी जड़ें, लंबी बालियाँ और 70-75 दाने प्रति बाली होते हैं। इसमें उन्हें फसल गिरने की कोई शिकायत देखने नहीं मिली। अन्य किस्म से 4-5 क्विंटल प्रति एकड़ अधिक उपज और अतिरिक्त मुनाफा मिलने की वजह से वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 लगाने की सलाह देते हैं। साथ ही, श्रीराम द्वारा बाजार में उपलब्ध कराई जा रही किस्म श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 से भी किसान बहुत खुश हैं और उत्तम परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। अलवर के किसान देवी सहाय सैनी को श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 में लंबी और मोटी बालियाँ, चमकदार सुनहरे और अधिक दाने मिले और किसी भी प्रकार की बीमारियों की समस्या नहीं आई। 14-15 मज़बूत कल्लों के कारण इसमें गिरने की भी शिकायत नहीं हुई और यह अधिक तापमान में भी अच्छा प्रदर्शन करता है। अगले साल वे अपने पूरे खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 बीज ही लगाने का विचार कर रहे हैं।

श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 और 1-एसआर -14 गेहूं बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के अन्य उत्पाद जैसे श्रीराम सुपर 111 और श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स 134 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का एक हिस्सा है। यह एक अग्रणी बिजनेस ग्रुप है, जिसका टर्नओवर 11431 करोड़ है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स कृषि इनपुट्स जैसे बीज, विशेष पोषण, और फसल संरक्षण के कारोबार में सक्रिय है, जिससे भारतीय कृषि को मजबूत और किसानों की आय को बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

### टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तंबाकू मुक्ति के लिए हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में तंबाकू मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन प्रभात संस्थान धौलपुर एवं युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया गया। प्रभात संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है। जो की 23 नवंबर 2024 तक चलेगा। इसके तहत धूम्रपान का उपयोग करने वाले लोगों को तंबाकू छुड़वाने तथा आने वाली युवा पीढ़ी को धूम्रपान से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। युवा चेतना समिति के अध्यक्ष रामदास तरुण ने बताया कि विद्यालय से 100 गज की दूरी में गुटखा तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध है। और अगर विद्यालय परिसर में या सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते हुए, या बेचते हुए पाया जाता है, तो कानून के तहत 200 चालान कट सकता है। तंबाकू मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में सीबीओ कल्याण सिंह मीणा, एसीबीओ अजय कौशिक, सुरेश भारद्वाज आर पी, विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य द्वारा सभी उपस्थित छात्राओं को धूम्रपान के खतरों के बारे में बताया गया और भविष्य में जीवन में कभी भी मीठी सुपारी, गुटखा, जर्दा, खैनी, बीड़ी सिगरेट, शराब आदि का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही बाल दिवस मनाने हेतु बच्चों को प्रेरित किया और एक दिन के लिए कक्षा 12वीं की बालिका को सर्वसम्मति से लॉटरी से चुनाव कर एक दिन के लिए पलक शिवहरे को प्रधानाचार्य बनाया गया। विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य ने एक दिन के लिए बालिका बनी प्रधानाचार्य का स्वागत किया और अपनी कुर्सी पर बिठाया। इस कार्यक्रम में संस्थान की ओर से राकेश कुमार, रामदास तरुण, राजेश, मनीष कुमार, पलक शिवहरे आज की प्रधानाचार्य, अशोक शर्मा पीईटी, बशारत अली, नरेंद्र मीणा, मनीष यादव, योगेश कुमार पालीवाल, रतनलाल सुरेश शर्मा, पिंकी शर्मा, नीलम शर्मा, संजय मीणा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929